हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 287, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 19 अप्रैल, 2024 दिन शुक्रवार गाजीपुर/वाराणसी

लोकसभा चुनाव : 21 राज्यों की 102 सीटों पर मतदान शुक्रवार को

जनता तय करेगी 1625 उम्मीदवारों का सियासी भाग्य

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए प्रचार बुधवार शाम पांच बजे थम गया। इस चरण में 21 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में 102 लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल यानी शुक्रवार को मतदान होगा। इन सीटों पर आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व सीएम और एक पूर्व राज्यपाल समेत 1,625 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होना है। इसी बीच चौथे चरण के लोकसभा चुनाव के लिए अधिसूचना आज यानी 18 अप्रैल को जारी होगी। इस चरण में 10 राज्यों की 96 सीटों पर 13 मई को होगा मतदान। चौथे चरण में यूपी की 13 व जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर भी मतदान होगा। मतदान शुक्रवार सुबह 7 बजे से शाम को 5 बजे तक चलेगा। पहले चरण में तमिलनाडु की सभी 39, राजस्थान की 12, उत्तर प्रदेश की 8, उत्तराखंड की सभी पांच, अरुणाचल प्रदेश की दो, बिहार की चार, छत्तीसगढ़ की एक, असम की चार, मध्य प्रदेश की 6, महाराष्ट्र की पांच, मणिपुर की दो, मेघालय की दो, मिजोरम त्रिपुरा की एक-एक और पश्चिम बंगाल की



तीन सीटों पर मतदान होगा। केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर, अंडमान निकोबार, लक्षद्वीप और पुडुचेरी की एक-एक सीट पर भी मतदान होगा।

गडकरी, सोनोवाल, बालियान की किस्मत का होगा फैसला- केंद्रीय सड़क और परिवहन मंत्री नितिन गडकरी नागपुर सीट से हैट्रिक लगाने के प्रयास में हैं। अरुणाचल पश्चिम से केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू चौथी बार जीतने की कोशिश कर रहे हैं। डिब्रूगढ़ से जहाजरानी मंत्री सबार्नंद सोनोवाल, मुजफ्फरनगर से संजीव बालियान, उधमपुर से जितेंद्र सिंह, अलवर से भूपेंद्र यादव, बीकानेर से अर्जुन राम मेघवाल और नीलगिरि से एल मुरुगन मैदान में हैं। उत्तराखंड के पूर्व सीएम त्रिवेंद्रसिंह रावत हरिद्वार व त्रिपुरा के पूर्व सीएम बिप्लव देव पश्चिम त्रिपुरा से मैदान में। तमिलनाडु प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई कोयंबटूर से मैदान में हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम के बेटे कार्ति शिवगंगा से दोबारा चुनाव लड़ रहे हैं। चुनाव से पहले राज्यपाल पद से इस्तीफा देने वाली तमिलिसाई सुंदरराजन चेन्नई दक्षिण से भाजपा प्रत्याशी हैं।

पहला चरण : यूपी-उत्तराखंड की इन सीटों पर मतदान

उत्तर प्रदेश (8) : नगीना, कैराना, मुरादाबाद, पीलीभीत, सहारनपुर, बिजनौर, रामपुर व मुजफ्फरनगर।

उत्तराखंड (5) : टिहरी गढ़वाल, अल्मोड़ा, नैनीताल-उधमसिंह नगर, हरिद्वार व पौड़ी गढ़वाल।

चुनाव प्रचार के अंतिम दिन इन नेताओं ने झोंकी ताकत- प्रचार के अंतिम दिन पीएम नरेंद्र मोदी, अमित शाह, राजनाथ सिंह, योगी आदित्यनाथ, नीतीश कुमार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी ने पूरी ताकत झोंक दी।

पूर्वोत्तर : दो राज्यों में विधानसभा चुनाव के लिए भी होगा मतदान- अरुणाचल प्रदेश (50 सीट) और सिक्किम (32 सीट) में विधानसभा चुनाव के लिए भी शुक्रवार को मतदान होगा। नतीजे 2 जून को आएंगे।

पहले चरण के मतदान से पहले मायावती ने की अपील, वोट खरीदने, लूटने को लेकर रहें सावधान

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने पहले चरण के मतदान से पहले मतदाताओं को दिए अपने संदेश में कहा कि अपने वोट के अधिकार की रक्षा पूरे जी-जान से करनी है। सावधान रहें ताकि आपका वोट खरीदा और लूटा न जा सके। कोई वोट पड़ने से न रह जाए। धनबल, मंदिर-मस्जिद आदि के नाम पर आपके वोट का गलत इस्तेमाल न हो। बसपा सुप्रीमो ने बृहस्पतिवार को एक्स पर जारी अपने बयान में कहा कि निर्वाचन आयोग ने स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराने का आश्वासन दिया है। जिस पर खरा उतरने के लिए सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग को रोकना होगा। साथ ही, सत्तारूढ़ दल द्वारा आचार संहिता का उल्लंघन रोकना भी जरूरी है। उन्होंने मतदाताओं से अपील भी की है कि कल मतदान के पहले चरण से ही 'पहले मतदान-फिर जलपान' के संकल्प के साथ अपने वोट के बहुमूल्य संवैधानिक अधिकार का निर्भय होकर इस्तेमाल करें और देश में गरीबों, मेहनतकश और वंचितों की बहुजन हितैषी सरकार चुनें। डॉ. भीमराव आंबेडकर के संविधान के तहत बिना किसी भेदभाव के एक वोट का मिला अधिकार ऐसी लोकतांत्रिक शक्ति है, जिसके जरिए सत्ता की मास्टर चाबी प्राप्त करके गरीबों, कमजोर व उपेक्षित लोग अपना उद्धार खुद कर सकते हैं इसलिए वोट जरूर डालें। यही सबसे बड़ा कर्तव्य और डॉ. आंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि है।

'20 साल में कांग्रेस के युवा नेता की लॉन्चिंग नहीं हो पाई', प्रचार के दौरान राजनाथ का राहुल पर तंज

पथानामथिट्टा। भाजपा नेता और केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा कि राहुल के पास अमेठी से चुनाव लड़ने का साहस नहीं है। दरअसल, 2019 लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश की अमेठी और केरल की वायनाड सीट से चुनाव लड़ा था। हालांकि, अमेठी से हार का सामना करने के बाद राहुल गांधी वायनाड का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। केरल के पथानामथिट्टा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार अनिल के. एंटनी के समर्थन में एक बैठक को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा, "मैंने ऐसा सुना है कि वायनाड की जनता ने उन्हें (राहुल गांधी) अपना सांसद बनाने से इनकार कर दिया है।" भाजपा नेता ने आगे कहा, "देश में अंतरिक्ष की

विभिन्न परियोजनाएं शुरू की गई है, लेकिन पिछले 20 साल में कांग्रेस के युवा नेता की लॉन्चिंग नहीं हो पाई। न तो कांग्रेस ने राहुलयान को लॉन्च किया और न ही इसकी लैंडिंग कराई।" इस दौरान राजनाथ सिंह ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एके एंटनी की तारीफ की है। उन्होंने एंटनी को अनुशासित और सिद्धांतवादी नेता बताया है। राजनाथ ने कहा कि एके एंटनी की ईमानदारी पर सवाल नहीं उठाया जा सकता है। केंद्रीय रक्षा मंत्री ने कहा कि वह एके एंटनी के बयान पर काफी ज्यादा आश्चर्यचकित हुए, जिसमें उन्होंने (एंटनी) कहा था कि उनका बेटा अनिल एंटनी लोकसभा चुनाव में हारना चाहिए। राजनाथ ने कहा, "मैं जानता हूं कि वह (एके एंटनी) एक सिद्धांतवादी व्यक्ति हैं। मैं उनकी मजबूरियां समझता हूं। उनके लिए अनिल एंटनी का समर्थन करना मुश्किल है। हालांकि, मैं उनसे यह कहना चाहूंगा कि अनिल उनका बेटा है।" राजनाथ सिंह ने एके एंटनी से कहा, "आप भले ही उन्हें (अनिल एंटनी) वोट नहीं दे सकते या उनके लिए वोट नहीं जुटा सकते, लेकिन आप उनके पिता है और उनके साथ आपका आशीर्वाद होना चाहिए।" बता दें कि केरल में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान 26 मार्च को होने वाला है और देशभर में नतीजे चार जून को जारी होंगे।

'यह चुनाव संविधान को बचाने की लड़ाई, आप पर बड़ी जिम्मेदारी', राहुल गांधी का कार्यकर्ताओं को संदेश

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान का चुनाव प्रचार थम गया है। सभी पार्टियों ने पहले चरण के चुनाव के जी-जान लगाकर चुनाव प्रचार किया। मतदान के एक दिन पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पार्टी कार्यकताओं को वीडियो संदेश भेजा है। जिसमें उन्होंने यह भी कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है, इसलिए आप सभी पर बड़ी जिम्मेदारी है। 19 अप्रैल को देश में लोकसभा का पहले चरण का मतदान होना है। पहले चरण के मतदान के लिए सभी पार्टी ने अपने-अपने क्षेत्र में जमकर चुनाव प्रचार किया। एक-दूसरे की पार्टी पर जमकर बयानबाजी की। पार्टी के घोषणापत्रों पर भी खूब मीन-मेख निकाले गए। पहले चरण का चुनाव प्रचार थम चुका है। गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पार्टी के कार्यकताओं के लिए एक वीडियो संदेश भेजा है। उन्होंने सभी पार्टी कार्यकताओं को कहा कि यह चुनाव संविधान को बचाने की लड़ाई है। उन्होंने सभी को कहा कि यह चुनाव का समय है, तो जरूरी है आपसे सीधे बात की जाए।

प्रचार के दौरान नड्डा का विपक्ष पर निशाना, कहा- पीएम मोदी के नेतृत्व में पूर्वोत्तर को देश से जोड़ा गया

कोकराझार। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दावा किया कि पूर्वोत्तर राज्यों को पूरे देश के साथ जोड़ने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व हुआ। उन्होंने कांग्रेस पर पूर्वोत्तर राज्यों को देश से अलग और नजरअंदाज करने का आरोप लगाया है। भाजपा नेता ने कहा कि विपक्षी गुट को लोगों के कल्याण की चिंता नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी गुट केवल खुद को विभिन्न घोटालों से बचाने की कोशिश में लगी हुई है। असम के कोकराझार में एनडीए उम्मीदवार जयंत बसुमतारी के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा, "कांग्रेस की नीति पूर्वोत्तर को देश से अलग और नजरअंदाज करने का है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हिमंत विस्वा सरमा की सरकार है, जिन्होंने पूर्वोत्तर को पूरे देश से जोड़ने का काम किया। दस साल पहले जब आप दिल्ली जाते थे,

तब वहां लोग आपसे यह पूछते थे कि आप किस देश से हैं। अब यह पूरी तरह से खत्म हो चुका है।" पीएम मोदी के नेतृत्व में बोडो उग्रवादी संगठन के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर को लेकर नड्डा ने दावा किया कि पिछले दस वर्षों में इस क्षेत्र में विद्रोही हमलों और स्थानीय लोगों की मौत में कमी हुई है। पूर्वोत्तर के 70 फीसदी क्षेत्रों से सशस्त्र बल अधिनियम को हटा दिया गया है। नड्डा ने आगे कहा, "वर्तमान के अच्छे दिन की सराहना करने के लिए अतीत के बुरे दिन को याद करना होगा।" उन्होंने बताया कि कांग्रेस से लेकर समाजवादी पार्टी (सपा), राजद और द्रमुक जैसी विभिन्न पार्टियों के नेता भ्रष्टाचार के कई मामलों में शामिल हैं। भाजपा नेता ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, "उन्होंने कोयला से लेकर अंतरिक्ष तक भ्रष्टाचार किया।" नड्डा ने बताया कि विपक्षी के नेता या तो जमानत पर बाहर है, या फिर जेल में बंद है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि लालु यादव जैसे नेता जमानत पर बाहर है और अरविंद केजरीवाल जैसे नेता जेल में बंद है।

ईडी का कोर्ट में दावा- जानबूझ कर जेल में मीठा खा रहे हैं केजरीवाल, ताकि मिल जाए जमानत

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले मामले में तिहाड़ जेल में बंद हैं. इस बीच केजरीवाल ने वीडियो कांफ्रेंस के जरिए अपने नियमित डॉक्टर से सलाह लेने की याचिका दायर की थी। इस बीच दिल्ली की कोर्ट में केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई हुई. जिस पर गुरुवार को ईडी ने अपना जवाब कोर्ट में दिया है। ईडी ने दावा किया है कि वह मेडिकल आधार पर जमानत लेने के लिए जानबूझकर मीठा खा रहे हैं, जिससे उनका शुगर लेवल बढ़े और उन्हें जमानत मिल जाए. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने यह दावा सीबीआई और ईडी मामलों के विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष किया, जिन्होंने तिहाड़ जेल अधिकारियों को केजरीवाल के आहार चार्ट सहित मामले में एक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। ईडी के विशेष वकील जोहेब हुसैन ने कहा, "डाइट चार्ट अदालत के सामने रखा गया है। डाइट चार्ट में आम और मिठाइयां थीं, हमने इसे अदालत के सामने रखा है। वह विशेष रूप से मीठा भोजन खा रहे थे।" जिसकी किसी भी मधुमेह रोगी को अनुमति नहीं है." ईडी ने अदालत को बताया, "टाइप 2 मधुमेह होने के बावजूद अरविंद

केजरीवाल उच्च चीनी सामग्री वाले भोजन खा रहे हैं। वह रोजाना 'आलू पूरी', आम, मिठाई खा रहे हैं। यह चिकित्सा जमानत के लिए आधार बनाने के लिए किया जा रहा है।" पूरे मामले पर कोर्ट ने जेल प्रशासन से केजरीवाल की डाइट रिपोर्ट मांगी है. इस मामले में अब कल शुक्रवार 19 अप्रैल को सुनवाई होगी।

शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा पर ईडी का शिकंजा, पुणे स्थित बंगले समेत 98 करोड़ की संपत्ति जब्त

मुम्बई। अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति अभिनेता-बिजनेसमैन राज कुंद्रा के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ा एक्शन लिया है। ईडी ने आज गुरुवार को शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा की 98 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। ईडी की ओर से यह एक्शन 6600 करोड़ रुपये के बिटकॉइन पोंजी घोटाले के मामले में लिया गया है। प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को कहा कि उसने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जांच के तहत अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के पुणे स्थित बंगले और इक्विटी शेयरों सहित करीब 98 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। यह मामला बिटकॉइन के इस्तेमाल के जरिए निवेशकों के पैसे से धोखाधड़ी से संबंधित है। ईडी की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, 'जब्त की गई संपत्तियों में मुंबई का जुहू स्थित फ्लैट है, जो शिल्पा शेट्टी के नाम पर है और पुणे का बंगला है, जो राज कुंद्रा के नाम पर है। इसके

अलावा जब्त संपत्ति में इक्विटी शेयर शामिल हैं। बयान में आगे कहा गया है कि करीब 97.79 करोड़ रुपये की इन संपत्तियों को जब्त करने के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत एक अनंतिम कुर्की आदेश जारी किया गया है। ईडी ने महाराष्ट्र पुलिस और दिल्ली पुलिस की तरफ से वन वेरिएबल टेक पीटीई लिमिटेड और आरोपी दिवंगत अमित भारद्वाज, अजय भारद्वाज, विवेक भारद्वाज, सिम्पी भारद्वाज, महेंद्र भारद्वाज समेत अन्य लोगों के खिलाफ दर्ज एफआईआर के बाद जांच शुरू की थी। आरोपियों पर यह आरोप लगाया गया था कि उन्होंने बिटकॉइन के रूप में प्रति माह 10 प्रतिशत रिटर्न के झूठे वादे के साथ लोगों से बिटकॉइन के रूप में काफी मोटी रकम जमा की थी। ईडी ने आरोप लगाया कि प्रमोटरों ने निवेशकों को धोखा दिया और गलत तरीके से प्राप्त बिटकॉइन को अस्पष्ट ऑनलाइन वॉलेट में छिपा रहे हैं। शिल्पा शेट्टी बॉलीवुड की चर्चित अभिनेत्री हैं। वहीं, उनके पति राज कुंद्रा भी फिल्मी दुनिया में कदम रख चुके हैं।

'ये लोग चुनाव और आरक्षण खत्म करेंगे, संविधान बदल देंगे', भाजपा पर बरसे आप सांसद संजय सिंह

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने गुरुवार को एक बार फिर भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा वाले बाबा साहब का लिखा हुआ संविधान नहीं बल्कि आरएसएस का लिखा हुआ संविधान मानते हैं। उन्होंने कहा कि अगर इस बार भाजपा सरकार सत्ता में आ गई तो ये लोग देश का सविंधान बदल देंगे। आप सांसद ने कहा, '2024 का लोकसभा का चुनाव आखिरी चुनाव है। इस बार अगर गलती से भी नरेंद्र मोदी की सरकार आ गई तो ये देश का संविधान बदल देंगे। ये लोग चुनाव और आरक्षण खत्म कर देंगे। युवाओं, किसानों और महिलाओं के अधिकारों को छीन लेंगे। इस बात की आशंका हर दिन मजबूत हो रही है। उन्होंने आगे कहा, प्रधानमंत्री बाबा साहब को चुनौती देते हुए कहते हैं कि वो खुद भी आ जाएं तो संविधान नहीं बदल सकते। इससे साफ है कि इनके मन में संविधान बदलने की मंशा है। अमित शाह कहते हैं कि 50 साल तक भाजपा राज करेगी। आरएसएस वाले कहते हैं कि देश में आरक्षण खत्म होना चाहिए। भाजपा वाले बाबा साहब का लिखा हुआ संविधान नहीं बल्कि आरएसएस का लिखा हुआ संविधान मानते हैं।

रामनवमी की शोभा यात्रा पर पथराव, चार घायल ममता बनर्जी बोलीं- भाजपा राज्य में हिंसा फैला रही

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के पूर्व मिदनापुर में रामनवमी शोभायात्रा के दौरान पथराव में चार लोग घायल हो गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि जब रामनवमी शोभायात्रा बुधवार की रात 9:10 बजे इगरा के कॉलेज मोड़ से गुजर रही थी, तब कुछ लोगों ने इस पर पथराव किया। फिलहाल इस मामले में चार लोगों को हिरासत में ले लिया गया है। इससे पहले मुर्शिदाबाद में भी रामनवमी शोभायात्रा के दौरान पथराव को लेकर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। उन्होंने कहा, "इलाके में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। हम मामले की जांच कर रहे हैं। चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है।" भाजपा नेता और मिदनापुर से पार्टी के उम्मीदवार अग्निमित्रा पाल समेत अन्य कार्यकताओं ने इस पथराव का विरोध करते हुए सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। इसके अलावा मुर्शिदाबाद में भी बुधवार को रामनवमी शोभायात्रा के दौरान झड़प होने की घटना सामने आई। शोभायात्रा पर छतों से पथराव होने से करीब 20 लोग घायल हुए हैं।

रामनवमी शोभायात्रा पर पथराव को लेकर भाजपा ने बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को घेरा। इसके साथ ही भाजपा ने राज्य पुलिस पर बदमाशों का साथ देने का आरोप भी लगाया है। भाजपा की बंगाल इकाई ने आरोप लगाया है कि रैली पर पथराव किया गया और दुकानों में तोड़फोड़ की गई। घटना के बाद, इलाके में धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रायगंज में रैली के दौरान राम नवमी के दिन पथराव के पीछे भाजपा को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने रैली को संबोधित करते हुए कहा, "बंगाल में रामनवमी के दौरान भाजपा ने हिंसा फैलाई।" ममता ने दावा किया कि मुर्शिदाबाद जिले में हिंसा की साजिश पहले से ही बनाई गई थी और आरोपी भगवा पार्टी हैं। उन्होंने बताया कि मुर्शिदाबाद में रामनवमी शोभायात्रा के दौरान विस्फोट हुआ, जिसमें एक महिला की मौत हो गई। सीएम ममता ने कहा कि सब कुछ पूर्व नियोजित था। राम नवमी के एक दिन पहले ही मुर्शिदाबाद के डीआईजी को हटा दिया गया, जिससे कि वे (भाजपा) राज्य में हिंसा भड़का सके।

कोर्ट ने बृजभूषण की अर्जी पर फैसला सुरक्षित रखा, 26 अप्रैल को होगी सुनवाई

नई दिल्ली। डबल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह यौन उत्पीड़न मामले की सुनवाई के लिए दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट पहुंचे। बृज शरण सिंह ने यौन उत्पीड़न मामले में आगे की जांच की मांग करते हुए एक आवेदन दायर किया। राउज एवेन्यू कोर्ट ने बृजभूषण शरण सिंह की अर्जी पर 26 अप्रैल के लिए फैसला सुरक्षित रख लिया है। गौरतलब है कि विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता विनेश फोगाट देश और दो अन्य पहलवानों ने डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था और उनके खिलाफ प्रदर्शन किया था। वहीं, दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण के खिलाफ मामला दर्ज किया था, लेकिन जुलाई में स्थानीय अदालत से बृजभूषण को जमानत मिल गई। बता दें कि जनवरी 2023 में पहलवानों का विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ था। 18 जनवरी को पहलवानों ने जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन शुरू किया था जिसे विपक्ष के कई नेताओं का समर्थन मिला था। बृजभूषण शरण सिंह पर यौन शोषण और धमकी का आरोप लगाकर प्रदर्शन किया गया। उनके इस्तीफे और महासंघ को भंग करने

की मांग पहलवान कर रहे थे। बृजभूषण ने एक पहलवान को मंच पर ही थप्पड़ जड़ दिया था। बताया जाता है कि उस पहलवान की उम्र ज्यादा थी। पहलवान बृजभूषण सिंह के कॉलेज के नाम पर प्रतियोगिता में शामिल होना चाहता था। मंच पर आग बबूला बृजभूषण सिंह ने एकदम थप्पड़ जड़ दिया था। जो वीडिया सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुई थी।

संपादकीय

सेहत और बाजार

यह विडंबना है कि देश में नियामक कानून न होने की वजह से अनेक राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय कंपनियां बच्चों की सेहत बनाने के दावे के साथ मुनाफे का कारोबार करती रही हैं। जिसमें बोर्नविटा और इसी तरह के बहुराष्ट्रीय कंपनियों के पेय पदार्थ भी शामिल रहे हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों को हाल ही में निर्देश दिया है कि बोर्नविटा और इसी तरह के पेय पदार्थों को स्वास्थ्य पेय श्रेणी से हटाया जाए। निश्चित रूप से इस कदम से ऐसे उत्पादों को लेकर पारदर्शिता सुनिश्चित करने और उपभोक्ता जागरूकता बढ़ाने की दिशा में सार्थक पहल हुई है। दरअसल, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की जांच के बाद सामने आया था कि खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत स्वास्थ्य पेय की कोई आधिकारिक परिभाषा नहीं थी। जिसका फायदा कारोबारी कंपनियां अपने उत्पादों को स्वास्थ्यवर्धक बताकर उठाती रही हैं। कैसी विडंबना है कि जिस उत्पाद को कंपनियां स्वास्थ्यवर्धक बताकर वर्षों तक अभिभावकों से मुनाफा कमाती रही, वही उत्पाद बच्चों के लिये स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां भी पेश करता रहा है। वहीं दूसरी ओर इसी महीने की शुरूआत में, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने भी खुलासा किया था कि डेयरी, अनाज या माल्ट आधारित पेय पदार्थों को स्वास्थ्य या ऊर्जा बढ़ाने वाले पेय के रूप में लेबल नहीं किया जाना चाहिए। दरअसल, स्वास्थ्यवर्धक व ऊर्जा बढ़ाने वाले पेय के नाम पर बड़ा गोरखधंधा होता रहा है। साथ ही स्वास्थ्यवर्धक पेय के नाम पर अतिरिक्त कीमत वसूली जा रही है। विश्वास किया जाना चाहिए कि भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण की सार्थक पहल के सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे तथा उपभोक्ताओं के दोहन की प्रवृत्ति पर अंकुश लगेगा। निश्चित रूप से तंत्र की काहिली और निगरानी करने वाले विभागों की मिलीभगत से यह खेल दशकों से बदस्तूर जारी था। देर से ही सही, तंत्र ने उपभोक्ता के हितों की रक्षा के लिये पहल की और विश्वास किया जाना चाहिए कि अन्य मामलों में भी उपभोक्ता हितों को बढ़ावा दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्यवर्धक बताकर बेचा जा रहा बोर्नविटा तब विवादों में घिर गया था जब इसके पोषण संबंधी दावों, खासकर इसमें मौजूद चीनी की मात्रा के बाबत सवाल पूछे गए थे। इस विवाद ने ही कालांतर ऐसे एनर्जी ड्रिंक्स की हकीकत का पुनर्मूल्यांकन करने की जरूरत बतायी। सवाल उठे कि कैसे ऐसे उत्पादों की बिक्री और लेबलिंग की जा रही है। हालांकि, बोर्नविटा ने इस प्रतिक्रिया और विवाद के बाद अपने उत्पाद में चीनी की मात्रा को घटाया था। लेकिन भ्रामक आधार पर स्वास्थ्यवर्धक की लेबलिंग के मुद्दे ने पूरे उद्योग जगत को अपने निशाने पर ले लिया। उल्लेखनीय है कि बाजार में एनर्जी ड्रिंक शब्द विशेष रूप से काबोर्नेटेड और गैर-काबोर्नेटेड दोनों तरह के स्वाद वाले पानी आधारित पेय पदार्थों को संदर्भित करता है। विडंबना यह है कि इन पेय पदार्थों को अकसर स्वास्थ्य पेय के नाम पर बाजार में उतारा जाता है और सामान्य पेय पदार्थों की तुलना में इनकी कीमत अधिक रखी जाती है। जबकि इन पेय पदार्थों में चीनी की अधिक मात्रा स्वास्थ्य के लिये गंभीर चुनौती पैदा करती है। खासकर बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर चुनौतियां पैदा हो सकती हैं। जिसमें छोटी उम्र में मोटापा, मधुमेह और दांतों से जुड़े कई रोग पैदा हो सकते हैं। दरअसल, देश में इन उत्पादों को लेकर नियामक दिशानिर्देश के अभाव से इस समस्या को विस्तार मिला है। जिसके चलते उपभोक्ता भ्रामक विज्ञापनों के जाल में फंस जाते हैं। निश्चित रूप से नये स्पष्टीकरण निदेर्शों से उपभोक्ताओं को अपने उत्पादों को चुनने के लिये नये विकल्प मिल सकेंगे। निस्संदेह, भविष्य में सरकार व अन्य हितधारकों को खाद्य उत्पादों की लेबलिंग और वर्गीकरण के लिये व्यापक मानक स्थापित करने होंगे। निश्चित रूप से नियामक संस्थाएं लेबलिंग के लिये निमार्ताओं, खुदरा विक्रेताओं और ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों को जिम्मेदार ठहराकर नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा की दिशा में सार्थक पहल कर सकती हैं। यह पहल जितनी जल्दी संभव हो, जनहित में की ही जानी चाहिए।

है बड़ा अभियान!

धीरे-धीरे सही दिशा में ।
हो रहा प्रहार ।।
नक्सलियों पर कहर को ।
मिल रही है धार ।।
है बड़ा अभियान ।
खोजबीन जारी ।।
नए सिरे से लगता ।
है अलग तैयारी ।।
कमर तोड़नी है आखिर ।
उसी तरफ है ध्यान ।।
मिल जाए छुटकारा जब ।
कार्य फिर महान ।।
है आया फरमान ।
ना देना अब ढ़ील ।।
हौसले बुलंद हैं ।
गयीं हैं बांछे खिल ।।

–कृष्णेन्द्र राय

हम श्रीराम तो बनना चाहते हैं पर श्रीराम के जीवन आदर्शों को अपनाना नहीं चाहते

ललित गर्ग

हिंदू धर्म में आस्था रखने वालों के रामनवमी बहुत ही शुभ दिन होता है। सनातन शास्त्रों में निहित है कि त्रेता युग में चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर भगवान श्रीराम का अवतरण हुआ था। धार्मिक मत है कि सभी प्रकार के मांगलिक कार्य इस दिन बिना मुहूर्त विचार किये भी संपन्न किए जा सकते हैं। रामनवमी पर पारिवारिक सुख-शांति और समृद्धि के लिए व्रत भी रखा जाता है। भगवान श्रीराम की पूजा करने से साधक के सकल मनोरथ सिद्ध होते हैं। साथ ही साधक भगवान श्रीराम की कृपा के भागी बनते हैं। पर्यावरण की विकराल होती समस्या के संदर्भ में भगवान श्रीराम का प्रकृति प्रेम एवं पर्यावरण संदेश इस समस्या के समाधान का एक बड़ा माध्यम बन सकता है, ऐसा हुआ तो हमारा रामनवमी मनाना सार्थक होगा।

श्रीराम के चौदह वर्ष के वनवास से हमें पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा मिलती है। जन्म, बचपन, शासन एवं मृत्यु तक उनका सम्पूर्ण जीवन प्रकृति-प्रेम एवं पर्यावरण चेतना से ओतप्रोत है। आज देश एवं दुनिया में पर्यावरण प्रदूषण एवं जलवायु परिवर्तन ऐसी समस्याएं हैं जिनका समाधान श्रीराम के प्रकृति प्रेम एवं पर्यावरण संरक्षण की शिक्षाओं से मिलता है। भारतीय संस्कृति में हरे-भरे पेड़, पवित्र नदियां, पहाड़, झरनों, पशु-पक्षियों की रक्षा करने का संदेश हमें विरासत में मिला है। स्वयं भगवान श्रीराम व माता सीता 14 वर्षों तक वन में रहकर प्रकृति को प्रदूषण से बचाने का संदेश दिया। ऋषि-मुनियों के हवन-यज्ञ के जरिए निकलने वाले ऑक्सीजन को अवरोध पहुंचाने वाले दैत्यों का वध करके प्रकृति की रक्षा की। जब श्रीराम ने हमें प्रकृति के साथ जुड़कर रहने का संदेश दिया है तो हम वर्तमान में क्यों प्रकृति के साथ खिलवाड़ करने में लगे हैं। हमारा कर्तव्य है कि हम प्रकृति की रक्षा करें। गोस्वामी तुलसीदास ने 550 साल पहले रामचरित मानस की रचना करके श्रीराम के चरित्र से दुनिया को श्रेष्ठ पुत्र, श्रेष्ठ पति, श्रेष्ठ राजा, श्रेष्ठ भाई, प्रकृति प्रेम और मयार्दा का पालन करने का संदेश दिया है। रामचरित मानस एक दर्पण है जिसमें व्यक्ति अपने आपको देखकर अपना वर्तमान सुधार सकता है एवं पर्यावरण की विकराल होती समस्या का समाधान पा सकता है।

भारतीय समाज का तानाबाना दो महाकाव्यों रामायण एवं महाभारत के इर्द-गिर्द बुना गया है। इनमें जीवन के साथ मृत्यु को भी अमृतमय बनाने का मार्ग दिखाया गया है। इनमें सशरीर मोक्ष मार्ग के अद्भुत एवं विलक्षण उदाहरण हैं। रामायण में प्रभु श्रीराम चलते हुए सरयू नदी में समा जाते हैं और महाभारत में युधिष्ठिर हिमालय को लांघकर मोक्ष को प्राप्त होते हैं। इन दोनों ही घटनाओं में महामानवों ने मृत्यु का माध्यम भी प्रकृति यानी नदी एवं पहाड़ को बनाकर जन-जन को प्रकृति-प्रेम की प्रेरणा दी है। लेकिन हम देख रहे हैं कि आज हमने मोक्षदायी नदी और पहाड़ों की ऐसी स्थिति कर दी है कि वहां मोक्ष तो क्या जीवन जीना भी कठिन हो गया है। क्या हम नदियों एवं पहाड़ों को मोक्षदायी का सम्मान पुनः प्रदान कर पाएंगे। यह हमारे जमाने का यक्षप्रश्न है जिसका उत्तर देने श्रीराम और युधिष्ठिर नहीं आएंगे, लेकिन हमें ही श्रीराम एवं युधिष्ठिर बन कर प्रकृति एवं पर्यावरण के आधार नदियों एवं पहाड़ों के साथी बनना होगा, उनका संरक्षण एवं सम्मान करना होगा। आज संपूर्ण विश्व में नदियों, पहाड़ों, प्रकृति के प्रदूषण को लेकर चिंता व्यक्त की जा रही है, लेकिन हजारों साल पहले भगवान श्रीराम ने प्रकृति के बीच रहकर प्रकृति को बचाने के लिए प्रेरित किया। भगवान श्रीराम वनवास काल में जिस पर्ण कुटीर में निवास करते थे वहां पांच वृक्ष पीपल, काकर, जामुन, आम व वट वृक्ष था जिसके नीचे बैठकर श्रीराम-सीता भक्ति आराधना करते थे। जो धर्म की रक्षा करेगा धर्म उसी की रक्षा करेगा। आदर्श समाज व्यवस्था का मूल आधार है प्रकृति एवं पर्यावरण के साथ संतुलन बनाकर जीना। रामायण में आदर्श समाज व्यवस्था को रामराज्य के रूप में बताया गया है उसका बड़ा कारण है प्रकृति के कण-कण के प्रति संवेदनशीलता। अनेक स्थानों पर तुलसीदासजी एवं वाल्मीकिजी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता को रेखांकित किया है। रामराज्य पर्यावरण की दृष्टि से अत्यन्त सम्पन्न एवं स्वर्णिम काल था। मजबूत जड़ों वाले फल तथा फूलों से लदे वृक्ष पूरे क्षेत्र में फैले हुये थे। श्रीराम के राज्य में वृक्षों की जड़ें सदा मजबूत रहती थीं। वे वृक्ष सदा फूलों और फलों से लदे रहते थे। मेघ प्रजा की इच्छा और आवश्यकता के अनुसार ही वर्षा करते थे। वायु मन्द गति से चलती थी, जिससे उसका स्पर्श सुखद जान पड़ता था। इसलिए जो कुछ हम सब रामायण से समझ पाते हैं, वह ही मनुष्य के जीवन जीने की सनातन परंपरा है। वही परंपरा ही हम सबको यह बताती है कि प्रकृति रामराज्य का आधार है। हम श्रीराम तो बनना चाहते हैं पर श्रीराम के जीवन आदर्शों को अपनाना नहीं चाहते, प्रकृति-प्रेम को अपनाना नहीं चाहते, यह एक बड़ा विरोधाभास है। अजीब है कि जो हमारे जन-जन के नायक हैं, सर्वोत्तम चेतना के शिखर है, जिन प्रभु श्रीराम को अपनी सांसों में बसाया है, जिनमें इतनी आस्था है, जिनका पूजा करते हैं, हम उन व्यक्तित्व से मिली सीख को अपने जीवन में नहीं उतार पाते। प्रभु श्रीराम ने तो प्रकृति के संतुलन के लिए बड़े से बड़ा त्याग किया। अपने-पराए किसी भी चीज की परवाह नहीं की। प्रकृति के कण-कण की रक्षा के लिए नियमों को सर्वोपरि रखा और मयार्दा पुरुषोत्तम कहलाए! पर हमने यह नहीं सीखा और प्रकृति एवं पर्यावरण के नाम पर नियमों को तोड़ना आम बात हो गई है। प्रकृति को बचाने के लिये संयमित रहना और नियमों का पालन करना चाहिए, इस बात को लोग गंभीरता से नहीं लेते।

आज इक्कीसवीं शताब्दी में पर्यावरण प्रदूषण के रूप में मानव जाति के अस्तित्त्व को ही चुनौती प्रस्तुत कर दी है। वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, मृदा प्रदूषण, रेडियो एक्टिव प्रदूषण, ओजोन परत में छिद्र, अम्लीय वर्षा इत्यादि का अत्यन्त विनाशकारी स्वरूप बुद्धिजीवी, विवेकशील, वैज्ञानिकों की चिन्ता का कारण बन चुके हैं। मानव समाज किस समय कौन सी समस्या से ग्रस्त होता है और उसके निदान के लिए समाज के सदस्यों की भूमिका एवं सहभगिता एवं शासकीय प्रयासों की तुलना में अधिक उस समाज के सांस्कृतिक मूल्य अधिक प्रभावी होते हैं। इस संदर्भ में भारतीय संस्कृति के आधार पुरातन ग्रन्थ-वेद, उपनिषद, पुराण, रामायण के साथ- तुलसीदास जी द्वारा रचित रामचरित मानस का अध्ययन व विश्लेषण अत्यन्त लाभप्रद हो सकता है विशेषकर रामचरित मानस का क्योंकि वर्तमान समय में घर-घर में न केवल रामचरितमानस एक पवित्र ग्रन्थ के रूप में पूजा जाता है।

शाब्दिक ईमानदारी से ही सार्थक होगा लोकतंत्र

विश्वनाथ सचदेव

चुनाव प्रचार का पहला चरण समाप्ति पर है। मतदाता तक पहुंचने, उसे लुभाने का हरसंभव प्रयास हो रहा है। चुनाव में ऐसा ही होता है। कभी न पूरे होने वाले वादे और सच्चाई से कोसों दूर के दावे इस प्रचार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। सत्तारूढ़ दल समेत कोई भी दल प्रचार की इस मुहिम में पीछे नहीं रहना चाहता। सच तो यह है कि एक होड़-सी मची हुई है राजनीतिक दलों में। हर दल अपनी कमीज को दूसरे की कमीज से उजला बता रहा है। ऐसा नहीं है कि मतदाता राजनेताओं के इस दांव को समझ नहीं रहा। बरसों-बरस का अनुभव है उसके पास इस प्रचार-तंत्र की करतूतों का। राजनीतिक दल भी मतदाता की इस जानकारी से अनभिज्ञ नहीं हैं। इसके बावजूद वे बरगलाने की अपनी कोशिशों से बाज नहीं आते। इसका कारण शायद यही है कि मतदाताओं की एक बड़ी संख्या आखिरी समय पर निर्णय लेती है। वे मुंडेर पर बैठे हैं। आखिरी समय पर बाएं भी उतर सकते हैं, दाएं भी। प्रचार-कार्य में लगे राजनेताओं की नजर मुख्यतः इन्हीं मतदाताओं पर होती है।

इसी से जुड़ी एक बात यह भी है कि कभी-कभी मतदाता मिथ्या दावों और झूठे वादों की चपेट में आ भी जाता है। जनतंत्र की सफलता और सार्थकता का एक मापदंड यह भी है कि कितने मतदाता ऐसे हैं जो प्रचार की इस आंधी में स्वयं को उड़ने से बचाये रख पाते हैं। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि इस देश के मतदाता ने अक्सर अपने विवेक का परिचय दिया है, राजनेताओं के प्रचार का शिकार बनने से इनकार किया है। आपातकाल के बाद इंदिरा गांधी की सरकार का तख्ता जिस तरह से पलटा, या फिर अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार का इंडिया शाइनिंग वाला नारा जिस तरह मतदाता पर कोई प्रभाव नहीं छोड़ पाया वह इस बात का प्रमाण है कि मतदाता को हमेशा नहीं बरगलाया जा सकता।

चुनाव के समय राजनीतिक दल अपने-अपने घोषणापत्र जारी करते हैं। भाजपा और कांग्रेस, दोनों बड़े दलों के वादों-दावों वाले घोषणापत्र जारी किये जा चुके हैं। कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र को न्याय-पत्र कहा है और भाजपा ने अपने घोषणा पत्र को संकल्प-पत्र कहते हुए मोदी की गारंटियों की बात कही है। होना तो यह चाहिए कि इस तरह के घोषणा पत्र आखिरी समय में नहीं, चुनाव से काफी पहले जारी होते, ताकि मतदाता उन पर विचार करके राजनेताओं से हिसाब मांग सके। सत्तारूढ़ दल से पूछ सके कि पिछले घोषणापत्रों की कितनी बातों को पूरा किया गया और सत्ता के आकांक्षी दल से उसके वादों के पूरा होने के आधार के बारे में जवाब-तलब कर सके। पर, दुर्भाग्य से, ऐसा कुछ होता नहीं। घोषणा पत्र जारी जरूर होते हैं, पर उपेक्षित पड़े रहते हैं। चुनाव-प्रचार का सारा जोर अपने विरोधी पर आरोप लगाने पर ही होता है। आरोपों के इस शोर में वे बुनियादी बातें कहीं खो-सी जाती हैं, जो मतदाता के निर्णय का आधार होनी चाहिए।

उदाहरण के लिए सत्तारूढ़ दल के घोषणा पत्र में आने वाले 25 सालों के बाद के विकसित भारत की बात तो कही गई है, पर गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई जैसे हमारे आज को प्रभावित करने वाले मुद्दे कुल मिलाकर कहीं गायब ही हैं। प्रधानमंत्री मोदी यह गारंटी तो देते हैं कि 2047 का भारत विकासशील नहीं विकसित देश होगा, पर यह नहीं बताते कि आज के युवा की बेरोजगारी की समस्या कैसे हल होगी। मतदाता महंगाई की मार से कैसे उबरे? भाजपा के घोषणा पत्र में आने वाले पांच साल तक 80 करोड़ भारतीयों को मुफ्त अनाज देने का वादा तो किया गया है, पर यह नहीं बताया गया कि उन कारणों से कैसे निपटा जायेगा जो 80 करोड़ भारतीयों को मुफ्त अनाज मांगने की स्थिति में लाने के लिए उत्तरदायी हैं? देश में कोई भूखा न रहे, यह बात आश्वस्त करने वाली है, पर भुखमरी की यह स्थिति आयी कैसे, इस सवाल का जवाब भी मिलना चाहिए। जवाब उन सवालों का भी पूछा जाना चाहिए जो पिछले घोषणा पत्रों में कही गयी बातों के पूरा न होने से उठते हैं।

जिस तरह के सवाल सत्तारूढ़ दलों से पूछे जाने चाहिए वैसे ही सवाल सत्ता के आकांक्षियों के लिए भी हैं। उन्हें भी यह बताना होगा कि उनके वादे क्यों स्वीकारे जाएं अथवा उनके दावों पर क्यों विश्वास किया जाये। घोषणा पत्र कागज के टुकड़े नहीं होते, उनकी पवित्रता की रक्षा होनी चाहिए, और यह उनका दायित्व बनता है जो वादे करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस के घोषणा पत्र के संदर्भ में कहा है कि कांग्रेस के नेताओं में शब्द के प्रति प्रतिबद्धता नहीं है, कोई ज़िम्मेदारी भी नहीं है। सच तो यह है कि चुनावी घोषणा पत्रों में जो कुछ कहा जाता है और चुनावी सभा में जो कुछ घोषणाएं की जाती हैं, वे कुल मिलाकर शब्दजाल ही बनी रह जाती हैं। हमारे नेता, चाहे वे किसी भी दल के क्यों न हों, नारों के बल पर चुनाव जीतना चाहते हैं। वह भूल जाते हैं कि गरीबी हटाओ का नारा अंततः सिर्फ नारा बनकर रह गया था और इसी तरह शाइनिंग इंडिया की कथित चमक भी मतदाता को लुभा नहीं पायी थी। मतदाता शब्दों में विश्वास करना चाहता है, नेताओं के शब्दों में भी यह विश्वास झलकना चाहिए। ईमानदार राजनीति तभी आकार ले सकती है। जहां तक घोषणा पत्रों में विश्वास का सवाल है, अक्सर इन चुनावी घोषणा पत्रों में लोक लुभावनकारी दावों और वादों की भरमार होती है। जो मुद्दे इनमें उठाये जाते हैं अक्सर वे हकीकत बयान नहीं करते। सेंटर फॉर स्टडीज ऑफ डेवलपिंग सोसायटी (सीएसडीएस) के एक हालिया सर्वेक्षण में बेरोजगारी और महंगाई को मुख्य मुद्दा माना गया है, जबकि हमारी राजनीति में आज भी हिंदुत्व मुख्य मुद्दा बताया जा रहा है। सत्तारूढ़ पक्ष के नेता अपनी चुनावी सभाओं में इस बात को लगातार दुहरा रहे हैं कि कांग्रेस के नेताओं ने राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का बहिष्कार किया था! यह बात यहीं खत्म नहीं होती। राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव के अवसर पर जारी किये गये घोषणा पत्र उनकी विचारधारा और वचनबद्धता का वचन पत्र होते हैं।

त्रिकोणीय मुकाबले के बाद भी आसान नहीं मछलीशहर में बीजेपी की राह!

प्रखर विशेष। उत्तर प्रदेश की मछलीशहर लोकसभा सीट काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि ये उन सीटों में से एक है जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी से लगती हैं। इस सीट पर कभी कांग्रेस का दबदबा हुआ करता था। कांग्रेस यहां से दो बार जीत का परचम लहरा चुकी है। फिलहाल, इस सीट को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित रखा गया है। 5 विधानसभाओं वाले इस लोकसभा क्षेत्र में मोदी के संसदीय क्षेत्र के जिले की पिंडरा विधानसभा सीट भी आती है। साल 2019 के आम चुनाव में यहां से भाजपा के बीपी सरोज ने मात्र 181 वोटों से जीत दर्ज की थी। साल 2019 के चुनाव में जौनपुर सीट जहां एकतरफा मुकाबले में सपा-बसपा गठबंधन के प्रत्याशी श्याम सिंह यादव के खाते में चली गई। वहीं मछलीशहर की सीट पर गिनती के आखिरी चरण तक ऊंट करवट बदलता रहा था। एक बार तो लगा कि सपा-बसपा गठबंधन के टी राम अब जीते, तब जीते। लेकिन, अंत में जब नरेन्द्र मोदी के वाराणसी जनपद के पिंडरा की ईवीएम खुली तो पासा पलट गया। वाराणसी में मोदी की लहर का ऐसा असर रहा कि बड़े अंतर से पिछड़ते आ रहे भाजपा के बीपी सरोज को आखिरकार 181 वोटों से जीत मिल ही गई। रोचक मुकाबले में मिली हार से सबक लेते हुए सभी विपक्षी दल इस बार अपनी कमियों को खंगालने में कसर नहीं छोड़ेंगे। 181 वोटों के मामूली अंतर से हार मिलने के बाद मछलीशहर की हार ही विपक्षियों के दिल में किसी फांस की तरह खटक रही होगी। ऐसे में अब 2024 का मुकाबला अपने सबाब पर चल रहा है तो सभी उस 181 वोटों के मामूली अंतर को लांघने लिए एड़ी चोटी का जोर जरूर लगाएंगे। इस लोकसभा में जातिगत आंकडे की बात करे तो मछलीशहर लोकसभा

इस बार तीनों पार्टियों के प्रत्याशी एक ही बिरादरी से

क्षेत्र में सभी 5 विधानसभा क्षेत्र को मिलाकर करीब 20 लाख वोटर हैं। इसमें निर्णायक भूमिका दलित वोटर ही निभाते हैं। ऐसा नहीं है कि दूसरी जातियां आंकड़ों में इनसे कहीं कमतर हैं। अगर जातिगत आंकड़े देखें तो यादव समेत अन्य पिछड़ा वर्गों की संख्या दलित वोटरों से कहीं ज्यादा है। ब्राह्मण और क्षत्रिय वोटरों को नजरअंदाज करना भी पार्टियों को हार की माला पहना सकता है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार दलित- 3 लाख, यादव- 2 लाख, अन्य पिछड़ा- 2 लाख, पटेल- 1 लाख, ब्राह्मण- 1 लाख, क्षत्रिय- 1 लाख, मुस्लिम- 80 हजार की संख्या है। मछलीशहर लोकसभा सीट का उदय साल 1962 में हुआ था। यह क्षेत्र कालांतर में सामान्य लोकसभा क्षेत्र के रूप में अस्तित्व में आया था। तब मछलीशहर लोकसभा में जौनपुर जनपद की तीन- खुटहन, मछलीशहर और गढ़वारा व प्रतापगढ़ जनपद की दो विधानसभा पट्टी और बीरापुर को शामिल किया गया। इसी क्षेत्र से प्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके सूरापुर (सुल्तानपुर जनपद) के मूल निवासी श्रीपति

मिश्र भी यहां से सांसद रहे, लेकिन कांग्रेसी खेमे के इस बड़े नाम ने भी क्षेत्र को विकास की कोई बड़ी पहचान दिलाने की जहमत नहीं उठाई। इसी क्षेत्र से कांग्रेसी दिग्गज स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नागेश्वर द्विवेदी, राम मंदिर आंदोलन के अगुवा स्वामी चिन्मयानंद और राम विलास वेदांती जैसे दिग्गज नेताओं ने संसद में नुमाइंदगी तो की लेकिन विकास के नाम पर नतीजा 'ढाक के तीन पात' वाला ही रहा। 2009 में एक बार फिर चुनाव आयोग की परिसीमन की कवायद की जद में यह क्षेत्र आ गया। इस बार बड़े भौगोलिक बदलाव के साथ इसे सुरक्षित लोकसभा क्षेत्र घोषित कर दिया गया। परिसीमन के बाद इस क्षेत्र में तत्कालीन सैदपुर (सु.) लोकसभा क्षेत्र को समाप्त कर जफराबाद (उस समय का बयालसी), केराकत (सु.), मछलीशहर, मडि?हूं व वाराणसी जनपद की पिंडरा विधानसभा को शामिल किया गया। वही मछलीशहर के एक तरफ इलाहाबाद हुआ करता था और दूसरी तरफ बनारस। मछलीशहर और केराकत विधानसभा को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया गया है। वर्तमान में मछलीशहर लोकसभा की विधानसभा मछलीशहर, केराकत व जफराबाद सपा के कब्जे में है, तो वही मडियाहू व पिंडरा बीजेपी के खेमे में है। जिसको देखते हुए कह सकते हैं कि मछलीशहर लोकसभा में सपा का पलड़ा भारी है, क्योंकि तीन विधानसभाओं पर सपा का कब्जा है। और तो और 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा- बसपा गठबंधन के प्रत्याशी व वर्तमान में बीजेपी के विधायक टी. राम मात्र 181 वोटो से हारे थे। जिसको लेकर भी सपा काफी अस्वस्थ है। लेकिन इस बार स्थिति उलट है। क्योंकि सपा ने तीन बार सांसद रहे व वर्तमान में केराकत (सु.) से विधायक तूफानी सरोज की बेटी सुप्रीम कोर्ट की वकील प्रिया सरोज को टिकट दिया है। लेकिन इसके इतर बसपा ने भी यहां से एक सेवानिवृत आईएएस ऑफिसर कृपाशंकर सरोज को टिकट देकर सपा के खेमे में मायूसी खड़ी कर दी। बताते चले कि बसपा उम्मीदवार सेवानिवृत्त आईएएस कृपाशंकर सरोज का जन्म 10 मार्च 1963 को मछलीशहर के सोनहिता गांव में हुआ। इन्होंने प्रयागराज से शिक्षा ग्रहण की। 1985 में पहले ही प्रयास में वह सिविल सेवा परीक्षा में चयनित हो गए। 1986 में आईएएस झ एलाइड के रूप में काम शुरू किया।

अगस्त 1989 में प्रॉपर आईएएस बनने के बाद पंजाब राज्य आवंटित हुआ। पंजाब कैडर में विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए 31 मार्च 2023 को विशेष / अपर मुख्य सचिव पद से रिटायर हुए। इसके बाद वह गांव में रहने लगे। बतादे कि पंजाब में कांग्रेस की सरकार के दौरान सरोज ने अतिरिक्त मुख्य सचिव रहते हुए घोटाले का पदार्फाश भी किया था। उन्होंने तत्कालीन मंत्री साधू सिंह धमासौत पर केंद्र सरकार की पोस्ट मैट्रिक एससी छात्रवृत्ति योजना के तहत 63.91 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाया था। साथ ही उन्होंने सैनिटरी पैड्स की खरीदारी के समय भी अनियमितता बरतने का आरोप लगाया। मंत्री ने हालांकि आरोप से इनकार किया था। अब अगर सपा प्रत्याशी प्रिया सरोज की बात करें तो प्रिया की पढ़ाई लिखाई दिल्ली से हुई है। दिल्ली स्थित एयफोर्स स्कूल में 12वीं तक पढ़ाई करने वाली प्रिया ने दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक किया और फिर नोएडा स्थित एक निजी विश्वविद्यालय से लॉ की डिग्री हासिल की। वह फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में प्रैक्टिस कर रहीं हैं। मछलीशहर लोकसभा से प्रिया सरोज अपने पिता तीन बार सांसद रहे तूफानी सरोज के राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने का काम करने जा रही हैं। बताते चले की तूफानी सरोज सपा के बड़े नेताओं में से एक हैं। मछलीशहर लोकसभा से कई सपा नेता टिकट के जुगत में थे, लेकिन आखिरकार तूफानी सरोज ने अपनी बेटी को यहां से टिकट दिलवा दिया। साथ ही साथ अंदर खाने से यह भी खबर है कि सपा के एक खेमे में इसको लेकर विरोध भी हो रहा है। क्योंकि वर्षों से मछलीशहर लोकसभा में सपा का प्रतिनिधित्व कर रहे सपाइयों का कहना है कि प्रिया सरोज को अभी राजनीति का कोई अनुभव नहीं है और उन्हें सपा का टिकट दे दिया गया। अब देखना यह है कि वर्तमान में केराकत से विधायक और पूर्व सांसद रहे तूफानी सरोज किस प्रकार प्रिया सरोज को यहां से जीत दिला पाते हैं। वही अगर इस बार भी मोदी लहर चली तो प्रिया सरोज के लिए भी मुश्किल हो सकती है।

ओपी राजभर के पैतृक गांव में दिनभर श्रद्धांजलि देने वालों का लगा रहा तांता

प्रखर वाराणसी। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री व सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर की मां स्व. जितना देवी के निधन के छठें दिन बुद्धवार को भी उनके पैतृक गांव फत्तेपुर खौदा में बड़ी संख्या में राजनेता व प्रशासनिक अधिकारी पहुंचें। सभी ने स्व. जितना देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर अपनी सवेदनाएं व्यक्त की। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता अरुण राजभर ने बताया है निधन के बाद उनके पैतृक गांव में शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचने वालों में प्रदेश के पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर सिंह के पुत्र बलिया लोकसभा से सांसद प्रत्याशी नीरज शेखर ,दयाशंकर मिश्र दयालु आयुष राज्य मंत्री उ०प्र०,नीलम सोनकर पूर्व सांसद वर्तमान लोकसभा लालगंज प्रत्याशी ,विधायक केराकत तूफानी सरोज, ऋचा सिंह बीडीओ रामपुर ब्लॉक जौनपुर,राहुल सिंह ब्लॉक प्रमुख रामपुर जौनपुर,बाबूराम पाल राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्र उदय पार्टी, विधायक दीदारगंज कमलाकांत राजभर, सुषमा पटेल पूर्व विधायक मुँगराबादशाहपुर जौनपुर,धर्मेंद्र सिंह ब्लॉक प्रमुख मरदह गाजीपुर, छत्रबलि सिंह पूर्व ज़िलापंचायत अध्यक्ष चंदौली, आदेश चौधरी ब्लॉक प्रमुख औगाता बुलंदशहर, प्रसांत कुमार मल्ल उर्फ. गणेश मल्ल नगर पंचायत अध्यक्ष मधुबन, विमलेश मिश्रा ,राजू राय प्रमुख दोहरीघाट मऊ,विधायक बेदी राम,राजू दुबेदी बुंदेलखंड प्रभारी, अखंड सिंह सांसद प्रतिनिधि चंदौली ,एमएलसी चंचल सिंह ,हरेंद्र सिंह पूर्व विधायक जफराबाद, सोनू किन्नर चेयरमैन मुगल सराय ,रुद्र राजन राजभर प्रदेश प्रभारी युवामंच सुभासपा ,उमेश राजभर सुभासपा नेता, अनिल राजभर मुंबई, रामजी मोदनवाल, आर.पी. कुशवाहा चेयरमैंन ,सैयद सरफराज पहलवान, गुड्डू सिंह,आदि शोक व्यक्त करने पहुंचे।

स्वीप के तहत पिंडरा के एक दर्जन स्कूलों में निकली रैली

प्रखर पिंडरा वाराणसी। स्वीप कार्यक्रम के तहत पिंडरा विकास खण्ड के एक दर्जन प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों द्वारा गुरुवार को स्कूल चलो अभियान व मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाली गई। जो गांवों के पगडंडियों और कस्बो में भ्रमण कर लोगों को जागरूक किया। रैली में शामिल बच्चे पहले मतदान फिर जलपान, लोकतंत की शान , सब करो मतदान, शिक्षा है अनमोल रतन , इसका करो जतन समेत अनेक स्लोगन से लिखी तख्तियों को लेकर गांवों का भ्रमण कर ग्रामीणों को जागरूक किया। क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय पिंडरा प्रथम, फूलपुर, सिंधोरा द्वितीय, जाठी, गोपालपट्टी, लोकापुर, गाडर, मानी, सुरही, असवालपुर, पूर्व माध्यमिक विद्यालय जगदीशपुर, करेमुवा, थानारामपुर, फूलपुर , जगदीशपुर , नाथपुर, समेत अनेक प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों में स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकाली गई।

नव कन्याओं का पांव पूज कर लिया आशीर्वाद

जौनपुर। शीतला धाम चैकिया में 9 दिन का नवरात्र के समापन पर चैत्र रामनवमी के पावन पर्व पर विष्णु भगवान के प्रांगण में शीतला चैकिया धाम मंदिर के महंत विवेकानंद पांडा ने नौ कन्याओं का पांव पूजन किया व पूडी हलवा खिलाकर सभी कन्याओं का पांव पूजन किया। उसके बाद सबको स्कूल बैग, एक एक टिफिन, लाल चुनरी दिया गया। यह अद्भुत नजारा देखकर वहां के दर्शनार्थी जो दर्शन करने आए थे व सभी लोग कन्याओं का पांव पूजने करने लगे। उसके बाद पांडा परिवार महाप्रसाद का वितरण भी किया महाप्रसाद में कड़ी चावल भक्तों को वितरण किया गया। इस मौके पर पंडा समाज के महंत विवेकानंद पांडा विक्की पांडा रंजीत पांडा सोनू विजय पांडा विकास पांडा चंद्रदेव पांडा नीलम पांडा आदि पंडा समाज के लोग उपस्थित रहे वह हवन पूजन के साथ नवरात्रि का समापन हुआ।

जन्में अवध में राम मंगल गाओ रे भजन, गायन, वादक नृत्य के प्रस्तुति के साथ 32वां राममय रात सम्पन्न

प्रखर वाराणसी। स्वः मुन्नू प्रसाद पांडेय द्वारा स्थापित वाराणसी संघ के तत्वावधान में रामनवमी के अवसर पर राजेन्द्र प्रसाद घाट पर 32वीं राममय रात भगवान श्रीराम के चित्र पर माल्यार्पण व दीप जलाकर भव्य आरती उपस्थित अतिथि पदमश्री डा.शिवनाथ मिश्रा,अंतरराष्ट्रीय सितारवादक देवब्रत मिश्र, अध्यक्ष लाला राम किशुन गुप्ता, सुधीर कुमार रस्तोगी,पत्रकार डा.कैलाश सिंह विकास, संयोजक सुरेश प्रसाद पाण्डेय ने किया` भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खान के पौत्र आफाक हैदर खान के शहनाई पर रामधुन प्रस्तुत से रामभय रात का शुभारंभ हुआ। जन्मे अवध में राम मंगल गाओ रे के भजन पल्लवी पाण्डेय ने गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया` प्रमुख के सर्वश्री डा. विजय कपूर, डा. माधवी सिंह, (भजन गायन), अन्तर्राष्ट्रीय सितारवादक पं देवब्रत मिश्र समूह ने रामधुन सितारवादन कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया संस्कृति शर्मा ने श्रीराम भव नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मोह लिया` भजन गायक राकेश तिवारी, राजन तिवारी, कमलेश पाण्डेय, जया पाण्डेय, सरोज वर्मा,सुमन अग्रहरि,सरोज वर्मा, के गायन ने खुब तालियां बटोरी, गुड्डू हंगामा, शौर्य गुप्ता का डांस मनमोहक रहा , कवियों ने काव्यपाठ किया। कार्यक्रम का संचालन संचालन डा.अशोक सिंह, संयोजन सुरेश प्रसाद पाण्डेय धन्यवाद प्रकाश पुरुषोत्तम मिश्रा ने किया` आयोजन में मुख्य रूप से राजेंद्र दूबे, सिद्धनाथ शर्मा, नरोत्तम शिल्पी चिंतित बनारसी रहे।

भवानीपुर में बोधिसत्व बाबा साहब डॉ. अंबेडकर की मनायी गयी 133वीं जयंती

प्रखर वाराणसी। बोधिसत्व बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मारक समिति भवानीपुर शिवपुर वाराणसी के सौजन्य से बोधिसत्व बाबा साहब डॉ. अंबेडकर की 133वीं जयंती के अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर एम.पी. अहिरवार, बी.एच.यू. ने कहा कि बाबासाहेब डॉ अंबेडकर ने समस्त देशवासियों को समता स्वतंत्रता न्याय एवं बंधुत्व पर आधारित संविधान दिया ताकि सभी वर्गों को सम्मान मिल सके` मुख्य वक्ता मुसाफिर प्रसाद पूर्व कमिश्नर ने कहा कि बाबा साहब डॉ अंबेडकर पूरे दुनिया में सबसे अधिक विद्वान व्यक्ति थे उनके बताए हुए मार्ग पर चलकर ही भारत को विकसित देश बनाया जा सकता है विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रद्धेय आर.पी. निगम, मंडल महाप्रबंधक,बाबतपुर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट एवं प्रोफेसर के बी आनंद, यू.पी. कालेज, गोविंद सिंह पटेल, पार्षद, इंजीनियर बलिराम भास्कर ,राम खेलावन, अरुण कुमार प्रेमी,राम निहोर मौर्य, राम जी वर्मा,नंद किशोर, प्रोफेसर डॉ.ओम प्रकाश कुमार, अमित कुमार, किशोरी लाल कश्यप ,धर्मराज, अरुण बामसेफ, गोपाल शाब्दी, राजकुमार ,श्याम आसरे राम, इंजीनियर भाई लाल,पी एन राम, हरिशंकर, रामबृक्ष, राजीव कुमार, सुरेन्द्र मुन्ना, हृदयराज कपूर, डॉ. अरविंद कुमार, गुलाब चंद्र, सत्य नारायण, प्रहलाद पहलवान, डॉ. पुनवासी, जादूगर रामरथी सिंह, श्रीकृष्ण राम आदि ने अपने विचार व्यक्त किए` अध्यक्षता फिरतूराम ने किया एवं संचालन कुँवरजीत इलाहाबादी, प्रदेश महामंत्री उत्तर प्रदेश शिक्षक महासभा ने किया` इस अवसर पर मुख्य रूप से डा.लालचंद्र प्रसाद ,पप्पू भारती ,राजनाथ शास्त्री ,छोटे लाल , बिंदुलता , सावित्री, रुक्मिणी, आभारानी, नीता इलाहाबादी, रीता देवी,बीना देवी, महेंद्र प्रताप , सूबेदार कैलाश नाथ ,रामजीत चौधरी, शैलेन्द्र कुमार गौतम, विनोद कुमार जैशवारा,धरम भारती, धर्मेन्द्र कुमार, लौटू ठीकेदार,विनोद कुमार ,टी टी राम आसरे, महेंद्र प्रताप, संतोष कुमार,राजेश प्रसाद, गोविंद, खरपत्तू राम, जय प्रकाश पाल,कसरत यादव,नीरज कुमार विमल, सुबास सरोज,पुष्प चंद्र सागर, धर्मेन्द्र प्रसाद, नरेंद्र गौतम,प्यारे लाल,शिव मूरत, दयाशंकर, छेदीलाल,कांता प्रसाद, मनोज , करन आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही।

मतदान करना प्रत्येक नागरिक का है दायित्व : एसडीएम फरेन्दा

प्रखर पूर्वांचल महाराजगंज ब्यूरो। आलमाइटी पब्लिक इण्टर कॉलेज बृजमनगंज में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं द्वारा नगर में मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। रैली को उप जिलाधिकारी फरेन्दा नवीन चन्द्र ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 18 वर्ष या इससे अधिक की आयु वर्ग के लोगों को मतदान का अधिकार है। हर नागरिक का यह दायित्व है कि वह अपने मत का अनिवार्य रूप से प्रयोग करे।विद्यालय के प्रबंधक महमूद आलम ने कहा कि भारत एक लोकतान्त्रिक देश है। मतदान संविधान व लोकतन्त्र की मजबूती के लिए बहुत आवश्यक है। रैली कोल्हुई रोड से स्टेशन चौराहा के अलावा विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस विद्यालय पहुँचकर संपन्न हुई। इस दौरान रैली में सम्मिलित छात्र-छात्राओं ने मतदान के प्रति जागरूकता पैदा करने वाले नारे लिखी तख्तियां हाथ में लेकर और नारा लगाकर लोगों को जागरूक किया। विद्यार्थियों ने पहले मतदान फिर जलपान, चाहे नर हो या नारी मतदान सबकी जिम्मेदारी, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, सत्य और ईमानदारी से सरकार बनाएगें ,अब जागो प्यारे मतदाता ,वोट हमारा अधिकार कभी न करें इसका बहिष्कार जैसे कई नारे लगाकर लोगों को जागरूकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुनील कुमार,ईश्वर चन्द्र चौरसिया, शबी अहमद ,मोहम्मद फारूक सिद्दीकी, दुर्गेश यादव,अशोक कुमार,अंगद प्रसाद, अखिलेश यादव,राकेश सहानी, पी०एस० चौहान, एम० ए० लारी,श्रवण कुमार, मुकेश मिश्र, अभिषेक कुमार, हमीदा बेगम,अम्ब्रीश चौहान, बलराम यादव, एम०ए०सिद्दीकी, सिमरन सिद्दीकी ,सीताराम चौहान, विनय पांडेय,बृजभान यादव, अमित यादव ,समेत विद्यालय के समस्त शिक्षक - शिक्षिकाएं उपस्थित रहे ।

निरोगी जीवन की रामबाण औषधि गायत्री मंत्र



जौनपुर। जीवन में सत्संग से ही मनुष्य में नई ऊर्जा का संचार किया जा सकता है। ये बातें शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे संत अनिल कुमार ने मुंगराबादशाहपुर के गायत्री शक्तिपीठ पर चल रहे प्रज्ञा पुराण कथा के सतावें दिन भक्तजनों के बीच में कहीं। उन्होंने कहा कि गायत्री मंत्र के जप से ही जीवन के सारे विकार दूर होते हैं। यह निरोगी जीवन जीने की रामबाण औषधि है। जीवन में सत्संग का सबसे अधिक महत्व है। उन्होंने कहा पीतांबर वस्त्र पहनकर गायत्री परिवार के लोग शक्तिपीठ पर आ जा रहे है। विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान कर रहे हैं। ये सभी साधारण व्यक्ति नहीं है। बल्कि इनमें विशिष्ट व श्रेष्ठ आत्माएं है। जो गुरूवर परम पूज्जनीय श्री शर्मा के संकल्पित संदेश जिसमें प्राणियों में सद् ज्ञानमयी प्रकाश प्रज्वलित कर रहे है। परिवार को चलाने के लिए पत्नी को किसी काम के लिए सबके सामने डांटना नहीं चाहिए बल्कि उसे अकेले में समझाना चाहिए। तभी परिवार कलह व विघटन से बच सकता है। आरती व पूजन का कार्य शक्तिपीठ के आचार्य गुलाब ने सपन्न करते हुए आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया। कथा में मुख्य धर्मेंद्र मिश्रा, राम लखन जायसवाल, राजेन्द्र साहू, अमन गुप्त आदि बड़ी संख्या में भक्तजन मौजूद रहे।

हादसे के बाद भाग रहे वाहन से तीन युवक घायल

जौनपुर। जिले के रामपुर थाना क्षेत्र के जमालापुर चैकी अंतर्गत जोगापुर ग्राम में स्थित श्रीराम जानकी दिनकर इंटर कॉलेज के सामने एनएच हाईवे पर बुधवार की सुबह मड़ियाहू की तरफ से एक जाइलो गाड़ी जा रही थी। जैसे ही इंटर कॉलेज के सामने पहुंचा उसका ड्राइवर अपना नियंत्रण खो बैठा और सामने से आ रही पिकअप को टक्कर मार दिया इसके बाद वह आगे भागने लगा। इसी पटरी पर एक स्प्लेंडर पर सवार शिवा गौतम पुत्र अवधेश गौतम एवं अवधेश गौतम पुत्र रामकरन गौतम निवासी जमालापुर थाना रामपुर को टक्कर मार दिया उसके पीछे मोपेड बाईक से आ रहे सचिन प्रजापति 21 वर्ष पुत्र कमला शंकर प्रजापति भी चपेट में आ गए। सचिन को मामूली चोटे आई, लेकिन शिवा गौतम एवं अवधेश गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद जाइलो कार चालक गाड़ी मौके पर छोड़कर फरार हो गया। दुर्घटना होने के कारण एक तरफ का हाईवे आवागमन ठप हो गया। सूचना पर जमालापुर चैकी प्रभारी रामजी सैनी अपने पुलिस कर्मियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और पीआरबी 112 की सहायता से दोनों गंभीर घायल पिता पुत्र को सीएचसी रामपुर इलाज के लिए भेजा। मामूली इलाज के बाद दोनों पिता पुत्र को गंभीर हालत देखते हुए डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है वहीं तीसरे घायल को इलाज के बाद घर भेज दिया गया है।

संक्षिप्त खबरें

गर्मी और तेज धूप से लोगों का हाल बेहाल

जौनपुर। भीषण गर्मी व तेज धूप के कारण लोगों का हाल बेहाल हो गया है। लू चलने से दोपहर के समय तो लोग घरों में दुबके रहने पर मजबूर हो रहे हैं। भीषण गर्मी के इस मौसम में लोगों की दिनचर्या पूरी तरह से बदल गई है। सुबह व शाम के समय ही लोग घरों से बाहर निकल रहे हैं। गर्मी ज्यादा होने के कारण उल्टी दस्त की बीमारियां भी बढ़ने लगी है। गर्मी बढ़ने के बाद ठंडे पेय पदार्थों की डिमांड बढ़ गई है। बढ़ते तापमान से परेशान लोगों ने गर्मी से बचने के लिए कोल्ड ड्रिक ठंडी लस्सी गन्ना का जूस आइसक्रीम व अन्य पेय का सेवन कर रहे हैं। इस प्रचंड गर्मी में लोग नींबू का शरबत शिकंजी इत्यादि ठंडी चीजें पीकर शरीर को ठंडक प्रदान कर रहे हैं। भीषण गर्मी व तेज धूप के कारण लोगों का हाल बेहाल हो गया है। लू चलने से दोपहर के समय तो लोग घरों में दुबके रहने पर मजबूर हो रहे हैं। भीषण गर्मी के इस मौसम में लोगों की दिनचर्या पूरी तरह से बदल गई है। सुबह व शाम के समय ही लोग घरों से बाहर निकल रहे हैं। गर्मी ज्यादा होने के कारण उल्टी, दस्त की बीमारियां भी बढ़ने लगी है। गर्मी बढ़ने के बाद ठंडे पेय पदार्थों की डिमांड बढ़ गई है। बढ़ते तापमान से परेशान लोगों ने गर्मी से बचने के लिए कोल्ड ड्रिक, ठंडी लस्सी, गन्ना का जूस, आइसक्रीम व अन्य पेय का सेवन कर रहे हैं। इस प्रचंड गर्मी में लोग नींबू का शरबत, शिकंजी, इत्यादि ठंडी चीजें पीकर शरीर को ठंडक प्रदान कर रहे है। गर्मी के कारण लोगों को काफी दिक्कतें झेलनी पड़ रही है। पिछले तीन दिनों से सुबह नौ बजते ही सूर्य देव के तीखे तेवर दिखाई देना शुरू हो जाते हैं। दोपहर होते-होते गर्म हवाएं चल रही। इस कारण लोग केवल आवश्यक कार्यों के लिए ही घरों से बाहर निकल रहे है। दोपहिया वाहन चालकों को सफर करने में परेशानी हो रही है, गर्मी से बचने के लिए लोग कपड़ों से लिपटे हुए नजर आते हैं।

प्रशिक्षण से गायब 33 कर्मचारियों पर विधि कार्यवाही

जौनपुर। जनपद में पीठासीन अधिकारी /प्रथम मतदान अधिकारी के प्रथम प्रशिक्षण में दूसरे दिन तिलकधारी सिंह इंटर कॉलेज में प्रथम एवं द्वितीय पाली में कुल 2200 कार्मिको का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। 27 कक्षों में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण संपन्न कराया गया। प्रथम पाली में कुल 13 व द्वितीय पाली में 20 कार्मिक अनुपस्थित रहे, जिसमें बेसिक शिक्षा विभाग के 18 कार्मिक, बैंकिंग सेवा से 02 कार्मिक, जिला विद्यालय निरीक्षक के 09 कार्मिक, चकबंदी विभाग, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, उच्च शिक्षा एवम कृषि विभाग के एक-एक कर्मचारी अनुपस्थित रहे। अनुपस्थित कार्मिको के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 के तहत विधिक कार्यवाही करने की संस्तुति की गई।

नई दवाओं को कम लागत पर विकसित करना संभव

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रोफेसर राजेंद्र सिंह भौतिकीय विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित कंप्यूटेशनल केमिस्ट्री एंड मॉलिक्यूलर डिजाइन विषय पर सात दिवसीय कार्यशाला के छठवें दिन एआई एवं मशीन लर्निंग आधारित दवा के खोज पर पर व्याख्यान और प्रशिक्षण हुआ। फामेर्सी विभाग, आईआईटी, बीएचयू के डॉ रजनीश कुमार ने एआई एवं मशीन लर्निग पर आधारित दवाओं के खोज पर पर व्याख्यान और प्रशिक्षण दिया। डॉ0 रजनीश ने बताया की एआई एवं मशीन लर्निग मदद से पहले से उपलब्ध डाटा का प्रयोग करके नई दवाओं को कम लागत पर विकसित किया जा सकता है। डॉ0 कुमार ने कंप्यूटर एडेड ड्रग डिस्कवरी के विभिन्न तरीकों के बारे में बताया। उन्होंने ट्यूटोरियल के माध्यम से मॉलिक्युलर रिकॉग्निटशन के बारे में बताया। बताया की नई विकसित दवा का क्लेनिकल ट्रायल करने से पहले एआई की मदद से दवा के ट्रायल में सफल होने की संभावना का पता लगाया जा सकता है। इससे दवा को विकसित करने के खर्च को कम किया जा सकता है। डॉ कुमार ने सार्स कोविड के प्रोटीन पर भी बाइंडिंग एवं डॉकिंग को समझाया। डॉ. कुमार ने वीना और जीनीना सॉफ्टवेयर की मदद से प्रतिभागियों को डॉकिंग करना सिखाया। उन्होंने गूगल क्लाउड कम्प्यूटिंग के कोलेब की मदद से भी डॉकिंग करना सिखाया। संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यशाला संयोजक डॉ. नितेश जायसवाल ने किया।

चिंगारी से घर गृहस्थी का सामान जलकर हुआ राख

चहनियां। चंदौली। बलुआ थाना क्षेत्र के चकरा गांव में मंगलवार की दोपहर में झगडू यादव के रिहायशी मड़ई में चिंगारी से घर -गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया । ग्रामीणो ने आग पर किसी प्रकार से काबू पाया किन्तु तब तक सब सामान जलकर राख हो चुका था । चकरा गांव के रहने वाले झगडू यादव किसान है। इनका परिवार रिहायशी मड़ई में रहता है। मंगलवार की दोपहर में किसी ने पास स्थित सरपट में बीड़ी फेंक दिया था। जो धू धू कर जलने लगा। सरपट से निकली चिंगारी से रिहायशी मड़ई में आग लग गयी। उस समय लोग घर ही थे। हवा तेज होने के कारण आग की लपटें तेज हो गयी। परिवार के लोग भागकर जान बचाये। इसी 23 अप्रैल को झगडू की बिटिया की शादी थी। जो उपहार में देने वाला सामान भी था। इसके अलावा अनाज, जनरेटर, सायकिल, घरेलू सामग्री, कपड़ा आदि सब सामान जलकर राख हो गया। आग बुझाने में इनकी पत्नी जियुति देवी का हांथ भी झुलस गया । मौके पर पहुँचे ग्रामीणो ने बगल में पम्प सेट चालू कर आग पर काबू पाया। मौके पर जिला पंचायत सदस्य रबिन्द्र यादव व प्रधानपति शशि प्रकाश ने पहुँचकर अधिकारीयो को अवगत कराया।

संक्षिप्त खबरें

लीबिया तट से 584 प्रवासियों को बचाया गया

त्रिपोली। लीबिया के तट से गत सप्ताह 584 प्रवासियों को बचाया गया। यह जानकारी अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने दी। आईओएम ने कहा कि 7 से 13 अप्रैल तक 584 प्रवासियों को रोका गया और लीबिया वापस लौटा दिया गया। इन प्रवासियों में 54 महिलाएं और 25 बच्चे शामिल हैं। साथ ही अवैध प्रवासियों के छह शव भी बरामद किए गए हैं। इस साल अब तक कुल 4,942 अवैध प्रवासियों को बचाया गया है, जबकि 143 की मौत हो गई और 271 अन्य लीबियाई तट से लापता हुए हैं।

जापान में भालुओं को मारने की अनुमति

टोक्यो। जापान सरकार ने देश में लोगों की जान के लिए खतरा बने भालुओं को मारने की अनुमति दे दी है। हालांकि इनमें काले भालुओं को शामिल नहीं किया गया है। पर्यावरण मंत्रालय के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2023 से मार्च के दौरान 19 प्रान्तों में भालू के हमलों का शिकार हुए 219 लोगों में से छह की मौत हो गई। मंत्रालय ने घोषणा की है कि कि नामित प्रबंधन वन्यजीव की सूची में पश्चिम जापान के शिकोकु में विचरण करने वाले काले भालुओं को जोड़ा जाएगा, क्योंकि इनकी संख्या नहीं बढ़ रही है।

सोलोमन द्वीप में संसदीय चुनाव के लिए मतदान

होनियारा। सोलोमन द्वीप के संसदीय चुनाव के लिए बुधवार को मतदान हुआ। संसदीय चुनाव में 50 सीटों के लिए कुल 334 उम्मीदवार मैदान में हैं। पार्टी-संबद्ध उम्मीदवारों की संख्या 219 है, जबकि 115 स्वतंत्र उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे हैं। राष्ट्रीय संसद के चुनाव में 13 राजनीतिक दल लड़ रहे हैं। गौरतलब है कि यहां मतदाता संयुक्त चुनाव में अपना मतदान करते हैं, जिनमें राष्ट्रीय और प्रांतीय दोनों चुनाव शामिल होते हैं। प्रांतीय विधानसभाओं में पदों के लिए कुल 816 उम्मीदवार और होनियारा सिटी काउंसिल के लिए 89 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। मतदान स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजे शुरू हुआ और शाम चार बजे समाप्त हो गया। चुनाव परिणाम गुरुवार से जारी होने की उम्मीद है। राष्ट्रीय और प्रांतीय सरकारें क्रमशः राष्ट्रीय संसद के सदस्यों और प्रांतीय विधानसभाओं के सदस्यों द्वारा अगले 14 दिनों के भीतर कानून के अनुरूप गठित की जाएंगी। वे चार साल के कार्यकाल के लिए शासन करेंगे।

बोलीविया में सड़क हादसा, पांच की मौत, 35 घायल

लापाज। पूर्वी बोलीविया में बस के राजमार्ग पर दुर्घटनाग्रस्त होकर 20 मीटर गहरी खाई में गिर जाने से पांच लोगों की मौत हो गई और 35 से अधिक अन्य लोग घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार दुर्घटना मंगलवार को हुई। आपातकालीन विभाग और पुलिसकर्मियों को सांता क्रूज विभाग के क्वीन शहर में स्थित दुर्घटनास्थल पर भेजा गया था। बस संचालित करने वाली परिवहन कंपनी के अनुसार बस सोमवार को दोपहर में दक्षिण-पश्चिम में पोटोसी विभाग से सांता क्रूज क्रू डे ला सिएरा शहर के लिए रवाना हुई थी। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार दृश्यता की कमी के कारण बस खड्ड में गिर गई।

मध्य इराक में पांच आईएस आतंकवादी ढेर

बगदाद। मध्य इराक में हवाई हमलों में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के पांच आतंकवादी मारे गए। इराकी सेना के ज्वाइंट ऑपरेशंस कमांड से संबद्ध मीडिया आउटलेट सिक्योरिटी मीडिया सेल ने बताया कि खुफिया रिपोर्टों के आधार पर इराकी युद्धक विमानों ने सलाहुद्दीन प्रांत के पूर्वी हिस्से में आईएस के ठिकानों पर दो हवाई हमले किए। इराकी आतंकवाद-रोधी सेवा के बल को घटनास्थल पर भेजा गया और वहां से पांच आईएस आतंकवादियों के शव, हथियार, मोबाइल फोन इत्यादि बरामद किए गए। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2017 में आईएस की हार के बाद से इराक में सुरक्षा स्थिति में सुधार हुआ है। हालांकि, आईएस के कुछ आतंकवादी शहरी केंद्रों, रेगिस्तानों और ऊबड़-खाबड़ इलाकों में घुस गए हैं और सुरक्षा बलों और नागरिकों के खिलाफ लगातार हमले कर रहे हैं।

भारत में यकीनन यह मोदी युग है

अमेरिकी स्तंभकार सदानंद धूमे ने कहा-चुनाव में सत्तारूढ़ दल भाजपा की स्थिति स्पष्ट तौर बेहतर

वॉशिंगटन (भाषा)। दक्षिण एशिया मामलों के प्रख्यात अमेरिकी विशेषज्ञ और स्तंभ लेखक का कहना है कि भारत में यह यकीनन मोदी युग है और देश में होने जा रहे लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ दल भाजपा की स्थिति स्पष्ट तौर पर मजबूत है। पार्टी तीसरी बार सत्ता में वापसी करेगी।

'वॉल स्ट्रीट जर्नल' के लिए दक्षिण एशिया मामलों के स्तंभकार तथा थिंक टैंक 'अमेरिकन इंटरप्राइज इंस्टीट्यूट' से जुड़े सदानंद धूमे ने ने कहा, भारतीय संदर्भों में निस्संदेह यह मोदी युग है। जैसे 2015 से अमेरिकी राजनीति में ट्रंप युग रहा है, भले ही वह सत्ता में हों या नहीं हों। भारत में लगभग 2013 से स्पष्ट तौर पर मोदी युग है। उन्होंने कहा, आप चाहें उन्हें पसंद करें या उनसे घृणा करें लेकिन वह राष्ट्रीय चर्चा के केंद्र में है। अगर आप इंदिरा गांधी के समय से लेकर अब तक की राजनीति पर नजर दौड़ाएं तो आप पाएंगे कि कोई भी ऐसा नेता नहीं है जो राष्ट्रीय चर्चा में इस तरह से केन्द्र में रहा हो। धूमे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भारत सरकार ने आर्थिक मोर्चे पर काफी अच्छा काम किया है। मोदी की व्यक्तिगत लोकप्रियता काफी ऊंची बनी हुई है। यदि आप सर्वेक्षणों को देखें, तो यह 80 प्रतिशत के आसपास है जो विश्व नेताओं के लिए यदि उच्चतम नहीं तो सबसे अधिक में से एक है।

एक बात यह भी है कि कई मायनों में विपक्ष वास्तव में ध्वस्त हो गया है। पहले 2014 में और फिर 2019 में कांग्रेस लगातार दो निराशाजनक प्रदर्शनों के बाद फिर से संभल नहीं हो पाई है। धूमे ने कहा कि ऐतिहासिक रूप से भारत लंबे समय से एक ऐसा देश रहा है जिसमें केवल शक्तिशाली राष्ट्रीय पार्टी रही है। यदि आप 60, 70, 80 के दशक को देखें, तो उस पर कांग्रेस पार्टी का प्रभुत्व था और अब उस पर भाजपा का प्रभुत्व है, उस हद तक नहीं जितना कभी कांग्रेस का प्रभुत्व था।

उनका कहना था, भारत में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस अपना उत्तराधिकारी नेतृत्व तैयार करने के लिए कोई व्यवस्था नहीं बना पाई है, जैसा कि दुनिया भर में सफल राजनीतिक दलों ने किया है। अमेरिका में चाहे वह लेबर पार्टी हो या कंजर्वेटिव पार्टी या डेमोक्रेटिक पार्टी। जब आप चुनाव हारते है तो आम तौर पर आपको नया नेतृत्व मिल जाता है। धूमे ने कहा, लेकिन कांग्रेस नहीं जानती कि यह कैसे करना है क्योंकि यह एक परिवार संचालित पार्टी बन गई है।

भारत में चुनाव पिछले चुनावों की तुलना में ज्यादा महत्वपूर्ण

जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय में भारतीय राजनीति विषय के प्रोफेसर इरफान नूरुदीन ने कहा

वॉशिंगटन(भाषा)। भारतीय मूल के प्रतिष्ठित अमेरिकी प्रोफेसर ने कहा कि भारत में इस सप्ताह शुरु होने वाले संसदीय चुनाव पिछले कुछ समय की तुलना में सबसे महत्वपूर्ण चुनाव होंगे। जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर इरफान नूरुद्दीन ने कहा कि भारत में लोकतांत्रिक मूल्यों में गिरावट के संबंध में आलोचना थोड़ी ज्यादा लगती है, लेकिन कर अधिकारियों का उपयोग करके नेताओं को निशाना बनाने के मामलों की अधिक पड़ताल की जरूरत है। प्रतिष्ठित जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय में भारतीय राजनीति विषय के प्रोफेसर हमाद बिन खलीफा अल सानी नूरुद्दीन ने कहा, पिछले कुछ समय की तुलना में ये चुनाव हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है। एक ओर, आपके पास एक बहुमत वाली सरकार है जो अपने बहुमत का और विस्तार करना चाह रही है, लेकिन इससे भारत के साथ-साथ विदेश में भी इस बात को लेकर चिताएं बढ़ गई है कि भारत को लोकतांत्रिक पतन, विरोध जताने को लेकर डर, धमकी, विशेष रूप से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जैसी चर्चित हस्ती की गिरफ्तारी और मीडिया की स्वतंत्रता को लेकर चिंता का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा, लेकिन अंततः यह चुनाव भारतीय लोगों के लिए है। मुझे लगता है कि दुनिया की नजरें मतदान की दर और इस बात पर रहेंगी कि चुनाव कितने प्रतिस्पर्धी है ताकि परिणाम चाहे जो भी हो, भारत के लोकतंत्र में विश्वास एक बार फिर से बहाल हो सके। नूरुद्दीन ने कहा, भारत में लोकतंत्र के बारे में चिताएं कुछ ज्यादा ही बढ़ी हुई लगती है क्योंकि इस समय हमारे पास अब भी प्रतिस्पर्धी पार्टी परिदृश्य है, जिसमें कई पार्टियां काफी स्वतंत्र रूप से सरकार की आलोचना कर रही है।' उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र का हिस्सा है। प्रोफेसर ने कहा, दूसरी ओर, मुझे लगता है कि विशेष रूप से कुछ खास राजनेताओं और सार्वजनिक हस्तियों को निशाना बनाने के लिए कर अधिकारियों के उपयोग के बारे में चिंता एक ऐसी चीज है जिसकी अधिक पड़ताल की आवश्यकता है।

पाकिस्तान में बारिश से होने वाली दुर्घटनाओं में 71 की मौत

इस्लामाबाद(आईएएनएस)। पाकिस्तान के विभिन्न इलाकों में भारी बारिश और बिजली गिरने के कारण पिछले चार दिनों में 71 लोगों की मौत हो गई और 67 अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पाकिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के अधिकारी ने कहा कि खैबर पख्तूनख्वा प्रांत सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र है, जहां छत गिरने और बिजली गिरने सहित विभिन्न घटनाओं में 32 लोगों की जान चली गई। सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, खैबर पख्तूनख्वा में मृतकों में 15 बच्चे और पांच महिलाएं हैं, जबकि 41 अन्य घायल हुए हैं और 1,370 घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। अधिकारी ने बताया कि पूर्वी पंजाब में 23 लोगों की जान चली गई और सात घायल हो गए, दक्षिण पश्चिम बलूचिस्तान में आठ लोग मारे गए और आठ अन्य घायल हो गए। इस अवधि के दौरान पाकिस्तान नियंत्रित कश्मीर में भारी बारिश के कारण कम से कम आठ लोग मारे गए और 11 अन्य घायल हो गए और 47 घर नष्ट हो गए। एनडीएमए ने बुधवार को एक एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि 17 अप्रैल से 29 अप्रैल तक देश में तेज बारिश और तूफान आने की संभावना है, जिससे देश भर के विभिन्न हिस्सों में खतरा पैदा हो सकता है।

माले के राष्ट्रपति मुइज्जू के खिलाफ भ्रष्टाचार की रिपोर्ट लीक

विपक्षी दलों ने की मामले की जांच और राष्ट्रपति पर महाभियोग लगाए जाने की मांग

रविवार को होने वाले चुनाव से पहले उठा राजनीतिक तूफान

माले (भाषा)। मालदीव में संसदीय चुनाव से ठीक पहले राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के 2018 से किए गए कथित भ्रष्टाचार की रिपोर्ट लीक होने से नया विवाद उठ खड़ा हुआ है। विपक्षी दलों ने मामले की जांच और राष्ट्रपति मुइज्जू पर महाभियोग की मांग शुरू कर दी है। हालांकि राष्ट्रपति ने आरोप को खारिज कर दिया है। मालदीव में मजलिस (संसद) के लिए रविवार को चुनाव होने है और मुख्य विपक्षी मालदीव डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) और मुइज्जू की पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी) के बीच आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गया है।

स्थानीय मीडिया की खबरों में कहा गया है कि देश में राजनीतिक तूफान सोमवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक गुमनाम हैंडल 'हसन कुरुसी ' द्वारा एक किए गए एक पोस्ट से शुरू हुआ। पोस्ट में कथित तौर पर राष्ट्रपति मुइज्जू से संबंधित मालदीव पुलिस सेवा और मालदीव मौद्रिक प्राधिकरण की वित्तीय खुफिया इकाई द्वारा तैयार किए गए दस्तावेजों सहित खुफिया रिपोर्ट लीक कर दी गई है। समाचार पोर्टल मालदीव रिपब्लिक के अनुसार 2018 की इन रिपोर्ट में राष्ट्रपति मुइज्जू के निजी बैंक खाते में धन अंतरण में अनियमितताओं का दावा किया गया है। रिपोर्ट में वित्तीय कदाचार के 10 महत्वपूर्ण संकेतकों को रेखांकित किया गया है। समाचार पोर्टल ने कहा कि इन संकेतकों से राजनीति से जुड़े व्यक्तियों के साथ संलिप्तता, गबन, रकम के लेनदेन को छिपाने के लिए कॉर्पोरेट संस्थाओं के उपयोग आदि का पता लगता है। इन आरोपों से देश में राजनीतिक तूफान पैदा हो गया और विभिन्न सोशल मीडिया मंचों पर प्रतिक्रियाएं आने लगीं। मालदीव डेमोक्रेटिक पार्टी और पीपुल्स नेशनल फ्रंट ने पूरे मामले की जांच की मांग की। पूर्व उपराष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद जमील अहमद ने लीक हुई खुफिया रिपोर्ट के बाद मुइज्जू पर महाभियोग चलाने की मांग की।

समाचार पोर्टल ने दावा किया कि पहली बार वित्तीय खुफिया इकाई की रिपोर्ट लीक हुई है। उसने कहा कि रिपोर्ट या आरोपों की वैधता के संबंध में सरकारी निकायों की कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है।मुइज्जू ने मंगलवार देर रात भ्रष्टाचार के आरोपों पर जवाब देते हुए कहा कि विपक्ष उन्हें फंसाने की कितनी भी कोशिश करे, उसे कामयाबी नहीं मिलेगी क्योंकि उन्होंने कोई गलती नहीं की है। उन्होंने विपक्ष पर हताशा के कारण रिपोर्ट लीक करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव अभियानों के दौरान भी यही आरोप लगाए गए थे।

यूएई में रिकॉर्ड बारिश से बाढ़ की स्थिति

दुबई हवाई अड्डे पर भरा पानी, उड़ानें प्रभावित

भारत, पाकिस्तान, सऊदी अरब, ब्रिटेन जाने वाली 20 उड़ानें रद्द

राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने पिछले 75 साल की सबसे भारी वर्षा बताया

काहिरा (आईएएनएस)। भारी बारिश के कारण दुनिया के व्यस्ततम हवाई अड्डों में शामिल दुबई एयरपोर्ट को कई उड़ानों को रद्द करना पड़ा। यहां तक कि दुबई एयरपोर्ट की ओर से यात्रियों को जबतक बेहद जरूरी न हो वहां न जाने की सलाह भी दी गई है।

दुबई में पिछले कई दशकों की रिकॉर्ड तोड़ बारिश के बाद पूरे शहर में पानी भर गया है। हवाई अड्डे ने कहा कि उड़ानों में देरी हो रही है और उनका मार्ग बदला जा रहा है। हवाईअड्डा संचालक ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, हम बेहद चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में परिचालन को जल्द से जल्द बहाल करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर दिख रहे फुटेज में हवाईअड्डे के रनवे पर पानी भरा हुआ है और विमान पानी से होकर निकलने की कोशिश कर रहे हैं। दुबई की प्रमुख विमान सेवा कंपनी एमिरेट्स ने कहा कि उसने खराब मौसम और सड़क की स्थिति के कारण होने वाली परिचालन चुनौतियों की वजह से आधी रात तक प्रस्थान करने वाले यात्रियों के लिए दुबई हवाई अड्डे पर चेक-इन निलंबित कर दिया है। स्थानीय अखबार द नेशनल ने बताया कि दुबई हवाई अड्डे से प्रस्थान करने वाली 20 उड़ानें मंगलवार को रद्द कर दी गई, जिससे भारत, पाकिस्तान, सऊदी अरब, ब्रिटेन तथा अन्य गंतव्यों को जाने वाले यात्री प्रभावित हुए। इसमें कहा गया है कि हवाईअड्डे की ओर जाने वाली सड़कें अवरुद्ध और बाढग्रस्त हैं। दुबई सरकार ने कहा कि उसने अपने सभी कर्मचारियों के लिए रिमोट वर्किंग को बुधवार तक बढ़ा दिया है, और निजी क्षेत्र के संस्थानों से भी ऐसा करने का आग्रह किया है। सात अमीरातों के खाड़ी संघ संयुक्त अरब अमीरात में मंगलवार को भारी बारिश हुई।

राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने इसे पिछले 75 साल की सबसे भारी वर्षा बताया। पुलिस ने बताया कि रस अल खैमा अमीरात में बाढ़ में कार बह जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। वह संयुक्त अरब अमीरात का नागरिक था और उसकी उम्र 70 वर्ष के आसपास थी। पड़ोसी ओमान में मूसलाधार बारिश की चपेट में आने से कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई।

शांति वार्ता में राज्य के मुख्य मुद्दों से कभी समझौता नहीं किया जाना चाहिए : एन बीरेन सिंह

इंफाल (भाषा)। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने बुधवार को कहा कि संघर्षरत समुदायों के बीच किसी भी प्रकार की शांति वार्ता में राज्य की क्षेत्रीय अखंडता से समझौता नहीं किया जाना चाहिए और मूल निवासियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करना चाहिए।

सिंह ने यहां भाजपा के कार्यालय में 'संकल्प पत्र' जारी करते हुए कहा, 'शांति वार्ता में राज्य की क्षेत्रीय अखंडता और हमारे मूल निवासियों के कल्याण से समझौता नहीं किया जाना चाहिए। हम ऐसी शांति वार्ता को स्वीकार नहीं करेंगे, जो इन मूलभूत मुद्दों को कमजोर करती हो। 'उन्होंने कहा, 'केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने हालिया दौरे के दौरान स्पष्ट रूप से कहा था कि भाजपा मणिपुर की एकता को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। 'सिंह ने गृह मंत्री अमित शाह द्वारा इस तथ्य का संज्ञान लेने कि अवैध अप्रवासियों ने राज्य में जनसांख्यिकीय संतुलन को बाधित करने का प्रयास किया है, का उल्लेख करते हुए कहा कि इसकी जानकारी विपक्ष को नहीं है। सिंह ने भाजपा के घोषणापत्र के बारे में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जो भी वादे करते है, उन्हें हमेशा पूरा किया जाता है। उन्होंने कहा, 'मोदी ने राज्य के 19 थाना क्षेत्रों से सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (अफस्पा) हटा दिया, जिसका प्रभाव युवाओं और समाज के वर्गों पर पड़ता था। 'सिंह ने जनता से 'इनर' मणिपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार बसंतकुमार सिंह को जिताने की अपील की। बसंतकुमार, राज्य में अवैध प्रवासियों की पहचान करने के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित कैबिनेट उप-समिति के सदस्य भी है। सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए मेइती और कुकी के शीर्ष नागरिक निकायों के बीच औपचारिक शांति वार्ता फिलहाल शुरू नहीं हुई है।

ईरान क्षेत्र में तनाव नहीं बढ़ाना चाहता : ईरानी विदेश मंत्री

तेहरान (आईएएनएस)। ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन का कहना है कि उनका देश क्षेत्र में तनाव बढ़ाना नहीं चाहता है। ईरान के विदेश मंत्री ने मंगलवार को इंडोनेशिया के विदेश मंत्री रेटनो मार्सुडी से फोन पर बातचीत के दौरान यह बात कही। इस दौरान दोनों पक्षों ने मध्य पूर्व में लेटेस्ट घटनाओं पर चर्चा की, जिसमें इस्राइल पर ईरान के बड़े पैमाने पर जवाबी हमले और गाजा पट्टी की स्थिति के साथ-साथ द्विपक्षीय संबंध भी शामिल थे।

शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, विदेश मंत्री अमीर-अब्दुल्लाहियन ने कहा कि ईरान हमेशा क्षेत्र में स्थिरता और सुरक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा बना रहेगा। इस्राइल क्षेत्र में तनाव और युद्ध का मूल कारण है। विदेश मंत्री ने एक अप्रैल को सीरिया की राजधानी दमिश्क में ईरान के दूतावास के कांसुलर सेक्शन पर इस्राइल के कथित हमले की इंडोनेशिया की निंदा की सराहना की और इस्राइली हमले को आक्रामकता का कार्य बताया।

थलसेना प्रमुख ने उज्बेक सशस्त्र बल अकादमी में अत्याधुनिक आईटी प्रयोगशाला का उद्घाटन किया

नई दिल्ली (भाषा)। थलसेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने बुधवार को उज्बेकिस्तान की अपनी यात्रा के दौरान उज्बेक सशस्त्र बल अकादमी में एक अत्याधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। भारतीय सेना के सूत्रों ने कहा कि सितम्बर 2018 में रक्षामंत्रियों की बैठक के दौरान की गई प्रतिबद्धता के बाद यह घटनाक्रम दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग में मील का एक पत्थर है। जनरल पांडे द्विपक्षीय सैन्य सहयोग के नए रास्ते तलाशने के लिए 15 से 18 अप्रैल तक उज्बेकिस्तान की यात्रा पर है। रक्षा मंत्रालय ने पूर्व में एक बयान में कहा था कि जनरल पांडे का कई रक्षा प्रतिष्ठानों का दौरा करने के अलावा मध्य एशियाई राष्ट्र के शीर्ष सैन्य अधिकारियों के साथ व्यापक बातचीत करने का कार्यक्रम है।

सूत्रों ने कहा कि भारत और उज्बेकिस्तान के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत जनरल पांडे ने उज्बेक सशस्त्र बल अकादमी में अत्याधुनिक आईटी प्रयोगशाला का उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि प्रयोगशाला अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित है, जिसमें दो व्याख्यान कक्ष, एक अत्याधुनिक साइबर सुरक्षा प्रयोगशाला, एक हार्डवेयर प्रोग्रामिग प्रयोगशाला और एक मल्टीमीडिया कक्ष सहित कई सुविधाएं है।

ब्रिटेन में धूम्रपान पर प्रतिबंध संबंधी पहली बाधा पार

लंदन (एपी)। ब्रिटिश सरकार की धूम्रपान पर प्रतिबंध लगाने संबंधी योजना के संबंध में संसद में पहली बाधा पार हो गई है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को 15 वर्ष और उससे कम उम्र के किसी भी व्यक्ति के लिए धूम्रपान पर प्रभावी प्रतिबंध लगाने संबंधी योजना के खिलाफ अपनी ही कंजर्वेटिव पार्टी के मुखर विरोध का सामना करना पड़ रहा है। सुनक ने पिछले साल तंबाकू और वेप्स विधेयक का प्रस्ताव रखा था।

इस विधेयक के तहत एक जनवरी 2009 के बाद जन्मे किसी भी व्यक्ति को तंबाकू उत्पाद बेचना अवैध हो जाएगा। विधेयक को संसद से मंजूरी मिलने पर यह नया कानून दुनिया के कुछ सबसे सख्त धूम्रपान विरोधी कानूनों में से एक होगा। तंबाकू और वेप्स विधेयक के तहत इस साल 15 वर्ष या उससे कम उम्र के बच्चों को कानूनी तौर पर कभी भी तम्बाकू नहीं बेचा जाएगा। इस कानून के लागू होने के बाद इंग्लैंड में सिगरेट की बिक्री की कानूनी उम्र हर साल उस वक्त तक एक साल बढ़ाई जाएगी, जब तक कि यह अंततः पूरी आबादी के लिए अवैध न हो जाए। विधेयक में युवाओं के 'वेपिंग' पर नकेल कसने के उपाय भी शामिल है, जैसे सस्ते 'डिस्पोजेबल वेप्स' की बिक्री पर प्रतिबंध लगाना। मंगलवार देर रात विधेयक पर चर्चा के बाद 383 सांसदों ने इसके पक्ष में मतदान किया, जबकि 67 ने इसका विरोध किया। इस तरह इस विधेयक को लेकर पहली संसदीय बाधा पार हो गई। इस विधेयक की हालांकि की स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा व्यापक रूप से प्रशंसा की गई थी और इसे विपक्षी लेबर पार्टी का समर्थन प्राप्त था लेकिन सुनक को अपनी पार्टी के अधिक उदारवादी विचारधारा वाले सदस्यों से विरोध का सामना करना पड़ा। अधिकारियों का कहना है कि ब्रिटेन में धूम्रपान के कारण प्रतिवर्ष लगभग 80 हजार लोगों की मौत हो जाती है।

नया कानून दुनिया के सख्त धूम्रपान विरोधी कानूनों में होगा शामिल

युवाओं के वेपिंग की आदत पर नकेल कसने की तैयारी

मुठभेड़ से माओवादियों के आपूर्ति नेटवर्क को भारी झटका : छत्तीसगढ़ पुलिस

कांकेर के छोटेबेठिया थाना क्षेत्र में मंगलवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 29 नक्सलियों को मार गिराया था

कांकेर (भाषा)। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में मंगलवार को मुठभेड़ में 29 नक्सलियों के मारे जाने के बाद पुलिस ने दावा किया है कि इससे माओवादियों की उत्तर बस्तर 'डिवीजन कमेटी' को बड़ा झटका लगा है। उसका कहना है कि यह कमेटी क्षेत्र में अवैध लेवी वसूलने और संगठन के आपूर्ति नेटवर्क को संभालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही थी। कांकेर जिले के छोटेबेठिया थाना क्षेत्र में मंगलवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 29 नक्सलियों को मार गिराया था। पिछले तीन दशकों से अधिक समय से इस समस्या से जूझ रहे छत्तीसगढ में यह पहली बार है कि जब सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में इतनी बड़ी संख्या में नक्सलियों को मार गिराया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मारे गए दो नक्सलियों की पहचान शंकर राव और ललिता के रूप में की गई है। दोनों 'डिविजनल कमेटी' सदस्य थे और उनके सिर पर आठ-आठ लाख रुपए का इनाम था।

पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि यह मुठभेड़ कांकेर, नारायणपुर (छत्तीसगढ़ में) और गढ़चिरौली (महाराष्ट्र से सटे) के त्रिकोणीय स्थान पर हुई है। उनके अनुसार इस जगह को माओवादियों की उत्तर बस्तर 'डिवीजन कमेटी' के लिए सुरक्षित पनाहगाह माना जाता है। सुंदरराज ने बताया कि उत्तर बस्तर डिवीजन कमेटी में लगभग 70 से 80 नक्सली है, जिसमें माओवादियों की चार क्षेत्र समितियां है रावघाट, परतापुर, कुवे और किसकोड़ो शामिल है। उन्होंने बताया कि माओवादियों की अलग-अलग डिवीजन समितियां अलग-अलग काम संभालती है। उनका कहना है कि उत्तर बस्तर 'डिवीजन समिति' अवैध लेवी वसूली और रसद आपूर्ति नेटवर्क संभालती है। पुलिस महानिरीक्षक ने कहा, 'मंगलवार की मुठभेड़ ने उत्तर बस्तर डिवीजन कमेटी को भारी झटका पहुंचाया है। इसे पूरी तरह से खत्म करने के लिए अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है, हम सही दिशा में जा रहे है। 'उन्होंने कहा कि मारे गए नक्सलियों की पहचान सुनिश्चित करने की प्रक्रिया चल रही है और अब तक उनमें से दो की पहचान शंकर राव और ललिता के रूप में की गई है। उनके मुताबिक दोनों 'डिविजनल कमेटी' के सदस्य थे और उनके सिर पर आठ-आठ लाख रुपए का इनाम था।

केंद्र सरकार बहुत कम समय में नक्सलियों का कर देगी सफाया : शाह

अहमदाबाद (भाषा)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार बहुत कम समय में देश से नक्सलियों का पूरी तरह से सफाया कर देगी। छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों द्वारा 29 माओवादियों को मार गिराने के एक दिन बाद उन्होंने एक बयान में कहा कि केंद्र सरकार आतंकवाद और नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। शाह ने कहा, मै दावे के साथ कह सकता हूं कि आने वाले समय में भी नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी रहेंगे और मोदी के नेतृत्व में हम बहुत कम समय में अपने देश से नक्सलवाद का सफाया कर देंगे। गृह मंत्री ने कहा कि तीन महीने पहले छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद से 80 से अधिक नक्सलियों को मारा जा चुका है, 125 से अधिक को गिरफ्तार किया गया है और 150 से अधिक ने आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों के शिविर स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि 2019 के बाद से, 250 से अधिक ऐसे शिविर स्थापित किए गए हैं।

टीवी मसाला

कौन बनेगा करोड़पति 16' के साथ दमदार अंदाज में लौटे अमिताभ...

मुंबई। 'कौन बनेगा करोड़पति' के फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है। अमिताभ बच्चन अपने इस शो के 16वें सीजन के साथ जल्द वापसी कर रहे हैं। 'कौन बनेगा करोड़पति 16' के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं, और मेकर्स ने नए प्रोमो के साथ अनाउंसमेंट की है। हालांकि अभी इसकी टेलिकास्ट डेट रिवील नहीं की गई है, लेकिन रजिस्ट्रेशन कबसे हैं, यह जरूर बताया गया है। अगर आप हॉटसीट पर पहुंचने का मौका गंवाना नहीं चाहते, तो तारीख नोट कर लीजिए।कौन बनेगा करोड़पति के पिछले सीजन में अमिताभ बच्चन ने यह कहकर शो खत्म किया था कि अपनों से ये कहना कि कल से हम नहीं आएंगे, ये कहने की न तो हिम्मत हो पाती है और ना ही मन होता है। यह कहते हुए वह भावुक हो गए थे और दर्शक भी रो पड़े थे। लेकिन अब उसी अंत के साथ एक नया आरंभ लेकर अमिताभ बच्चन आ गए हैं। 'कौन बनेगा करोड़पति 16' सोनी टीवी पर आएगा और इसके इंस्टाग्राम अकाउंट पर नए सीजन का पहला प्रोमो शेयर किया गया है। प्रोमो की शुरुआत वहीं से होती है, जहां पर पिछला सीजन यानी 'कौन बनेगा करोड़पति 15' खत्म हुआ था।

'खतरों के खिलाड़ी 14' में समर्थ का नाम कंफर्म

मुंबई। रोहित शेट्टी के स्टंट बेस्ड शो 'खतरों के खिलाड़ी' के 14वें सीजन का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब तक कई सितारों के नाम सामने आ चुके हैं, किसी का भी नाम कंफर्म नहीं हुआ था। लेकिन अब ये खुलासा हुआ है कि टीवी एक्ट्रस समर्थ जुरेल और अभिषेक कुमार इसमें हिस्सा लेंगे। दोनों को पिछली बार रिएलिटी शो 'बिग बॉस 17' में देखा गया था। पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक, समर्थ का नाम 'खतरों के खिलाड़ी 14' के लिए कंफर्म हो गया है। रिपोर्ट्स बता रही हैं कि अभिषेक कुमार भी इस लिस्ट में शामिल हो गए हैं। हालांकि, अभी तक दोनों की ही तरफ से ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है। समर्थ जुरेल और अभिषेक कुमार टीवी सीरियल 'उडारिया' में साथ काम कर चुके हैं। इसी सेट पर ईशा मालवीय भी थीं। ईशा ने पहले अभिषेक को डेट किया, लेकिन बाद में रिश्ता तोड़ दिया और समर्थ को डेट करने लगीं। ईशा को लेकर अभिषेक और समर्थ की 'बिग बॉस 17' में भी खूब लड़ाई देखने को मिली थी। अब समर्थ और ईशा का भी ब्रेकअप हो गया है। इन अफवाहों के बाद समर्थ ने एक क्रिप्टिक पोस्ट भी शेयर किया, जिसमें लिखा था, 'जो मायने रखता है, वो हमेशा रहता है।'

वॉर 2 से ऋतिक रोशन-जूनियर एनटीआर का लुक हुआ लीक

मुंबई। निर्देशक अयान मुखर्जी की फिल्म 'वॉर 2' को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं, जिसकी वजह है फिल्म में दो दमदार हीरो का एकसाथ होना। इस फिल्म में ऋतिक रोशन हीरो को किरदार निभाएंगे, जबकि जूनियर एनटीआर विलेन के रोल से तहलका मचाते नजर आएंगे। फिल्म में दोनों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी। 'वॉर 2' बनने की जब से बात शुरू हुई है, तभी से फैंस इसकी हर एक जानकारी पर अपनी नजर रखते हैं। फिल्म की शूटिंग कुछ समय पहले ही शुरू हुई है। अब फिल्म से ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर का लुक लीक हो गया है। जोकि सोशल मीडिया पर सनसनी मचा रहा है। फिल्म 'वॉर 2' में ऋतिक के अलावा जूनियर एनटीआर को देखकर फैंस की उत्सुकता दोगुनी हो गई है। क्योंकि फैंस ने यह कभी नहीं सोचा था कि कोई हीरो (जूनियर एनटीआर) विलेन का रोल भी निभा सकता है।

सामंथा ने मारी घुमाकर लात

मुंबई। अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु काफी समय से फिल्मों से दूर हैं। इस बीच वे अलग-अलग चीजें सीखने में अपने समय का सदुपयोग कर रही है। वे कभी योग करते दिखाई देती हैं तो कभी घुड़सवारी। अब इसी सिलसिले में, सामंथा एक नई चीज में हाथ आजमाते हुए देखी गई है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सामंथा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वे किक बॉक्सिंग करते नजर आ रही हैं। उन्हें जोरदार किक मारते हुए देखा जा सकता है। वे इन दिनों अपने कोच से किक बॉक्सिंग की ट्रेनिंग ले रही हैं। मालूम हो कि वे मायोसिटिस बीमारी से जूझ रही थी। ये बीमारी मांसपेशियों पर बुरा असर डालती है।

शादीशुदा हैं सुखविंदर! बोले-बगैर उत्सव के भी विवाह होते हैं

मुंबई। बॉलीवुड हिट गानों को अपनी आवाज देने वाले अनुभवी गायक और संगीतकार सुखविंदर सिंह आज भी अपनी गायकी से लोगों की खूब तारीफें बटोरते हैं। हालांकि, गायक अब एक बार फिर सुर्खियों में आ गए हैं, लेकिन इस बार वजह उनका कोई गाना नहीं बल्कि निजी जिंदगी है। हिंदी सिनेमा में अपनी आवाज का जादू बिखेरने वाले सिंगर सुखविंदर सिंह ने हमेशा अपनी निजी जिंदगी को काफी निजी रखा है। फैंस को भी अभी तक यही लगता था कि सुखविंदर सिंह अविवाहित हैं, लेकिन गायक के इस बयान ने प्रशंसकों के बीच भी काफी हलचल मचा दी है। गायक ने अपने हालिया इंटरव्यू में कहा, "जरूरी नहीं है कि जिनके बड़े जश्न नहीं होते हैं, वे शादी नहीं करते! करते हैं ना? ऐसे कई सेलिब्रिटीज हैं, जो शादी कर लेते हैं, लेकिन किसी को पता नहीं चलता क्योंकि वे नहीं चाहते कि इसकी खबर बने।

'500 वर्षों के बाद यह शुभ घड़ी आई है' रामनवमी के अवसर पर भावुक हुए सितारे

मुंबई। आज देशभर में रामनवमी का त्योहार मनाया जा रहा है। इस तिथि को प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर देशभर में उल्लास है। श्रीराम की नगरी अयोध्या में भव्य मंदिर निर्माण के बाद यह प्रथम राम नवमी है। इसकी खुशी देखते बन रही है। इस अवसर पर बॉलीवुड सितारे भी बेहद खुश हैं। कई सेलेब्स ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपनी खुशी का इजहार किया है।

अनुपम खेर : अभिनेता अनुपम खेर ने लिखा है, 'आप सभी को रामनवमी की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं! प्रभु श्रीराम आप पर हमेशा अपनी कृपा दृष्टि बनाये रखें! जय श्री राम'! अभिनेता के वर्क फ्रंट की बात करें तो इन दिनों वह अपनी आगामी फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' की तैयारियों में व्यस्त हैं। इस फिल्म के जरिए वह लंबे वक्त बाद निर्देशन की दुनिया में लौट रहे हैं।

कंगना रणौत : अभिनेत्री कंगना रणौत इस अवसर पर अत्यंत भावुक हो उठी हैं। उन्होंने एक वीडियो साझा किया है, जो अयोध्या राम मंदिर में रामलला मूर्ति स्थापना के वक्त की है। इसके साथ कंगना ने लिखा है, '500 वर्षों के बाद यह शुभ घड़ी आई है, जब पहली बार रामलला अपने भव्य मंदिर में रामनवमी मना रहे हैं'। कंगना फिल्मों के बाद अब राजनीति में सक्रिय हैं। वह हिमाचल प्रदेश के मंडी लोकसभा सीट चुनाव लड़ रही हैं।

जैकी श्रॉफ : जैकी श्रॉफ ने भी अपने प्रशंसकों रामनवमी की बधाई दी है। उन्होंने रामलला प्राण प्रतिष्ठा के दौरान की एक वीडियो साझा की है। अभिनेता ने वीडियो के साथ लिखा है, 'सियावर रामचंद्र की जय! राम नवमी की सभी को शुभकामनाएं'। अभिनेता अजय देवगन ने भी रामनवमी के पर्व पर शुभकामनाएं दी हैं।

दीपिका चिखलिया : अभिनेत्री दीपिका चिखलिया ने भी इस अवसर पर इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा कर फैंस को रामनवमी की शुभकामनाएं दी हैं। उनके अलावा शिल्पा शेट्टी ने भी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट साझा कर बधाई दी हैं। बता दें कि आज रामनवमी पर अयोध्या में भगवान श्रीराम का सूर्य तिलक हुआ है। सूर्य की किरणों से रामलला का सूर्याभिषेक किया गया। रामनवमी पर अयोध्या में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी है।

प्रशांत वर्मा ने दिखाई भक्त और भगवान के मिलन की पहली झलक

मुंबई। प्रशांत वर्मा ने फिल्म की एक तस्वीर को सोशल मीडिया पर शेयर किया। यह फिल्म का पहला पोस्टर है। जिसमें भगवान हनुमान और भगवान राम का हाथ दिखाई दे रहा है। ऐसा लग रहा है कि दोनों एक-दूजे से कोई वादा कर रहे हों। यह पोस्टर काफी धार्मिक और सकारात्मक उर्जा से भरा दिखाई दे रहा है। फैंस इस पोस्टर को देखकर काफी रोमांचित हो रहे हैं। फिल्म के पोस्टर काफी धार्मिक दिखाई दे रहा है। पोस्टर पर लिखा 'वजनं धर्मस्य रक्षणं' है। इसका अर्थ है, ''त्रेतायुग में एक पवित्र वादा किया गया था जिसकी कलयुग में रक्षा की जाएगी।'' तेजा सज्जा के फैंस के लिए भी खुशखबरी है। इस फिल्म में तेजा सज्जा अहम किरदार में नजर आएंगे। साउथ अभिनेता तेजा सज्जा ने अपनी फिल्म 'हनुमान' से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया था। अब इस फिल्म के सीक्वल की घोषणा भी की जा चुकी है। इस फिल्म के सीक्वल की खबर को लेकर फैंस बेहद खुश हैं। फिल्म 'हनुमान' ने बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा प्रदर्शन करते हुए कई रिकॉर्ड तोड़े थे। 'हनुमान' की सफलता के बाद तेजा सज्जा के पास कई बड़ी फिल्मों के ऑफर आ रहे हैं। वह जल्द ही निर्देशक कार्तिक घट्टामनेनी निर्देशित एक्शन-एडवेंचर फिल्म में अहम किरदार में नजर आएंगे।

खबर संक्षेप

घरेलू तैयार इस्पात की खपत 13 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली। घरेलू तैयार इस्पात की खपत 2023-24 में सालाना आधार पर 13 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 13.6 करोड़ टन हो गई है। अनुसंधान कंपनी स्टीलमिंट इंडिया ने मोटर वाहन और बुनियादी ढांचा क्षेत्रों की बढ़ती मांग से वृद्धि का बल मिला। 2022-23 में देश में तैयार इस्पात की खपत 12 करोड़ टन (एमटी) थी।

इंडोनेशिया में विनिर्माण पर विचार कर रही एप्पल



जकार्ता। एप्पल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टिम कुक ने बुधवार को इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विदोदो से मुलाकात के बाद कहा कि कंपनी इंडोनेशिया में विनिर्माण पर विचार कर रही है। कुक ने मुलाकात के बाद पत्रकारों से कहा, 'हमने देश में विनिर्माण को लेकर राष्ट्रपति की इच्छा के बारे में बात की और हम इस पर ध्यान देंगे।'

डेमलर इंडिया ई-कैंटर के साथ ईवी क्षेत्र में उतरेगी

नई दिल्ली। डेमलर इंडिया कमर्शियल व्हीकल्स अगले छह से 12 महीने में अगली पीढ़ी के हल्के वजन वाला इलेक्ट्रिक ट्रक ई-कैंटर पेश करने के साथ घरेलू बैटरी इलेक्ट्रिक खंड में प्रवेश करने की योजना बना रही है। यह हमारे संपूर्ण उत्पाद खंड को कार्बन-मुक्त बनाने की हमारी दीर्घकालिक रणनीति में पहला कदम होगा।'

यामाहा ने कार जैसी चाबी के साथ एरोक्स 155 का नया वर्जन किया लांच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन यामाहा मोटर प्राइवेट लिमिटेड ने अपने धांसू मैक्सी स्कूटर एरोक्स 155 का नया लेटेस्ट वर्जन लांच किया है, जो कि एरोक्स 155 वर्जन एस लांच किया है और यह अडवांस्ड स्मार्ट की टेक्नॉलजी से लैस है, जो कि सुविधाजनक खूबियों के साथ ही सिक्यॉरिटी के मामले में भी बेहतर है।

अब स्कूटर भी कार की तरह स्मार्ट चाबी से लैस होकर आने लगा है। एरोक्स वर्जन एस को एक्सक्लूसिव सिल्वर और रेसिंग ब्लू कलर ऑप्शन के साथ पेश किया गया है और इनकी एक्स शोरूम, दिल्ली प्राइस 1,50,600 रुपए है।

कई खूबियों के साथ सिक्योरिटी के मामले में बेहतर, एक्स शोरूम कीमत 1,50,600 रुपए

खूबियां जबरदस्त

यामाहा एरोक्स 155 वर्जन एस की स्मार्ट चाबी की खूबियों की बात करें तो लोगों की जरूरतें बढ़ने के हिसाब से इसमें अर्बन मोबिलिटी मीडियम और राइडिंग एक्सपीरियंस को बेहतर करने के लिए आंसर बैक क्षमता, लाइव लोकेशन, फ्लैशिंग ब्लिंकर्स, बजर साउंड, कीलेस इग्निशन, प्रोक्सिमिटी डिटेक्शन जैसी खूबियां दी गई हैं। एरोक्स 155 वर्जन एस स्मार्ट की वेरिएंट में इमोबिलाइजर फंक्शन दिया गया है, जिसका फायदा यह होता है कि आप जब इसकी चाबी आउट ऑफ रेंज होती है तो इसे स्टार्ट करना आसान नहीं है।

155 सीसी की इंजन क्षमता

यामाहा एरोक्स 155 वर्जन एस को कंपनी के 'द कॉल ऑफ द ब्लू ब्रैंड कैंपेन को विस्तार देते हुए लांच किया गया है और आप इसे ब्लू स्क्वॉयर शोरूम में जाकर खरीद सकते हैं। यामाहा के इस मैक्सी स्कूटर को 155 सीसी के 4-स्ट्रोक एसओएचसी4-वॉल्व इंजन के साथ पेश किया गया है, जो कि 15 पीएस की मैक्सिमम पावर और 13.9 न्यूटन मीटर का पिक टॉर्क जेनरेट करता है।

हजार्ड सिस्टम : यह मैक्सी स्कूटर सीवीटी ट्रांसमिशन से लैस है। यामाहा एरोक्स वर्जन एस ई20 फ्यूल कंप्लायंट है। इसमें ऑन-बोर्ड डायग्नोस्टिक (ओबीडी-II) सिस्टम के साथ पेश किया गया है। बाकी इसमें स्टैंडर्ड फीचर के रूप में हजार्ड सिस्टम भी दिया गया है।

शानदार परफॉर्मेंस और बेहतरीन डिजाइन

यामाहा मोटर इंडिया ग्रुप ऑफ कंपनीज के चेयरमैन आईशी चिहाना ने यामाहा एरोक्स 155 वर्जन एस लांच करने के मौके पर कहा कि लांच के बाद से एरोक्स 155 काफी सफल स्कूटर रहा है और यह अपने शानदार परफॉर्मेंस और बेहतरीन डिजाइन की वजह से लोगों को काफी पसंद आता है। ऐसे में ग्राहकों की जरूरतों को देखते हुए इसे स्मार्ट की टेक्नॉलजी के साथ पेश किया गया है, जो ग्राहकों के राइडिंग एक्सपीरियंस को बेहतर करने में सक्षम है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल के दाम में नरमी

भारत का कच्चे तेल का आयात बिल वित्त वर्ष 2023-24 में 16 फीसदी घटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पेट्रोलियम मंत्रालय के पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) के आंकड़ों के अनुसार, भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 (अप्रैल 2023 से मार्च 2024) में 23.25 करोड़ टन कच्चे तेल का आयात किया। कच्चे तेल का प्रसंस्करण कर पेट्रोल और डीजल बनाया जाता है। आयात की मात्रा पिछले वित्त वर्ष के लगभग बराबर है।

आयात के लिए 132.4 अरब डॉलर का भुगतान

लेकिन वित्त वर्ष 2023-24 में आयात के लिए 132.4 अरब डॉलर का भुगतान किया, जबकि 2022-23 में यह राशि 157.5 अरब डॉलर थी। दुनिया के तीसरे सबसे बड़ा तेल आयातक और उपभोक्ता देश के घरेलू उत्पादन में गिरावट आई है। इससे उसकी आयात निर्भरता बढ़ गई है।

आयात पर निर्भरता बढ़कर 87.7 फीसदी हुई

आधिकारिक आंकड़ों अनुसार, कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता 2023-24 में बढ़कर 87.7 प्रतिशत हो गयी, जो इससे पूर्व वित्त वर्ष में 87.4 प्रतिशत थी। घरेलू कच्चे तेल का उत्पादन 2023-24 में 2.94 करोड़ टन पर लगभग अपरिवर्तित रहा।

देश में कच्चे तेल के आयात बिल में बीते वित्त वर्ष (2023-24) में 16 प्रतिशत की गिरावट आई। इसका कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल के दाम में नरमी है। हालांकि, इस दौरान विदेशी आपूर्तिकर्ताओं पर निर्भरता नई ऊंचाई पर पहुंच गयी।

- विदेशी आपूर्तिकर्ताओं पर निर्भरता नई ऊंचाई पर पहुंची
- 23.25 करोड़ टन कच्चे तेल का आयात किया गया

पेट्रोलियम आयात 25.1 फीसदी रहा

शुद्ध रूप से तेल और गैस आयात बिल (कच्चा तेल, पेट्रोलियम उत्पाद, एलएनजी आयात बिल को निर्यात से घटाने पर) 2023-24 में 121.6 अरब डॉलर रहा जो इससे पूर्व वित्त वर्ष में 144.2 अरब डॉलर था। देश के कुल आयात के प्रतिशत के रूप में पेट्रोलियम आयात (मूल्य के संदर्भ में) 25.1 प्रतिशत रहा, जो 2022-23 के 28.2 प्रतिशत से कम है।

रूस-यूक्रेन युद्ध से कीमतें रिकार्ड स्तर पर बढ़ी

मूल्य के स्तर पर 2022-23 के झटके के बाद, 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में 30.91 अरब घनमीटर गैस के आयात की लागत 13.3 अरब डॉलर रही। इसकी तुलना में 2022-23 में 26.3 अरब घनमीटर गैस के आयात पर खर्च 17.1 अरब डॉलर था। इसका कारण यह था कि यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद ऊर्जा की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गयी थीं।

देश में ईंधन खपत निरंतर बढ़ रही

इसी तरह, देश के कुल निर्यात के प्रतिशत के रूप में पेट्रोलियम निर्यात 2023-24 में 12 प्रतिशत पर आ गया, जबकि इससे पिछले वर्ष यह 14 प्रतिशत था। देश में ईंधन खपत 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष में 4.6 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 23.33 करोड़ टन हो गई। जबकि 2022-23 में यह 22.3 करोड़ टन और 2021-22 में 20.17 करोड़ टन रही थी।

देश में कच्चे तेल का उत्पादन कम

हालांकि, देश में कच्चे तेल का उत्पादन कम है, लेकिन प्रसंस्करण क्षमता के मामले में अधिशेष की स्थिति है। यह डीजल जैसे पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात को सक्षम बनाती है। आंकड़ों के अनुसार, 2023-24 में कुल खपत 23.33 करोड़ टन रही जबकि पेट्रोलियम उत्पाद का उत्पादन 27.61 करोड़ टन था।

अदाणी ने अंबुजा सीमेंट्स में किया 8,339 करोड़ रुपए का निवेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उद्योगपति गौतम अदाणी के परिवार ने अंबुजा सीमेंट्स में अतिरिक्त 8,339 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे कंपनी में उसकी हिस्सेदारी बढ़कर 70.3 प्रतिशत हो गई। इस कदम से सीमेंट कंपनी की विनिर्माण क्षमता को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि अदाणी परिवार ने इससे पहले 18 अक्टूबर 2022 को कंपनी में 5,000 करोड़ रुपये और 28 मार्च 2024 को 6,661 करोड़ रुपये का निवेश किया था। इस नवीनतम निवेश के साथ उसने 20,000 करोड़ रुपये की योजना पूरी कर ली है। बयान में कहा गया, ' कंपनी के प्रवर्तक अदाणी परिवार ने कंपनी में 8,339 करोड़ रुपये का निवेश करके वारंट कार्यक्रम का पूर्ण अभिदान हासिल कर लिया है। कुल निवेश 20,000 करोड़ रुपये का हुआ है।' नवीनतम निवेश से अदाणी परिवार की अंबुजा सीमेंट में हिस्सेदारी 3.6 प्रतिशत बढ़ गई है। कुल मिलाकर अंबुजा सीमेंट में इसकी हिस्सेदारी 63.2 प्रतिशत से बढ़कर अब 70.3 प्रतिशत हो गई है। अदाणी समूह ने 2022 में स्विस कंपनी होल्सिम से अंबुजा और एसीसी को खरीदने के लिए 10.5 अरब अमेरिकी डॉलर के सौदे करके सीमेंट क्षेत्र में प्रवेश किया था।



- कुल हिस्सेदारी बढ़कर 70.3 प्रतिशत
- सीमेंट कंपनी की विनिर्माण क्षमता बढ़ाने में मिलेगी मदद

अदाणी समूह का प्रारंभिक निवेश पूरा हुआ

अंबुजा सीमेंट्स लि. के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अजय कपूर ने कहा, 'हम अंबुजा में अदाणी परिवार के 20,000 करोड़ रुपये के प्रारंभिक निवेश के पूरा होने की घोषणा करते उत्साहित हैं। यह निवेश अंबुजा को तेजी से विकास के लिए पूंजी के साथ बही-खाते के स्तर पर मजबूती प्रदान करता है...।'

आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
राजस्थान	7	6	1	12
कोलकाता	6	4	2	8
चेन्नई	6	4	2	8
हैदराबाद	6	4	2	8
लखनऊ	6	3	3	6
दिल्ली	7	3	4	6
गुजरात	7	3	4	6
पंजाब	6	2	4	4
मुंबई	6	2	4	4
बेंगलोर	7	1	6	2

ऑरेंज कैप

विराट कोहली
361 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप

यजुवेन्द्र चहल
12 विकेट
राजस्थान

बाउंड्री मीटर

955 चौके

553 छक्के

खबर संक्षेप

अय्यर पर लगा 12 लाख रुपए का जुर्माना

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। केकेआर की टीम मंगलवार को यहां रॉयल्स से दो विकेट से हार गई जिसमें जोस बटलर ने 60 गेंद में नाबाद 107 रन बनाए। आईपीएल ने विज्ञप्ति में कहा, 'आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था इसलिए अय्यर पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।'

नारायण को फैसला वापस लेने मनाएंगे पावेल

कोलकाता। वेस्टइंडीज के कप्तान रोवमैन पावेल ने कहा है कि फॉर्म में चल रहे सुनील नारायण को इस साल के टी20 विश्व कप के लिए

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास से वापसी करने के लिए मनाने की कोशिशें की जा रही हैं। लेकिन कोलकाता नाइट राइडर्स के इस स्टार खिलाड़ी ने अब तक उन सभी लोगों को 'ब्लॉक' कर दिया है जिन्होंने उनके बात करने की कोशिश की है। अगले महीने 36 बरस के होने जा रहे नारायण ने दुनिया भर की फ्रेंचाइजी टी20 लीग पर ध्यान केंद्रित करने के लिए पिछले साल नवंबर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।

अब से हर अभ्यास सत्र अहम : हरमनप्रीत

नई दिल्ली। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने बुधवार को कहा कि पेरिस ओलंपिक के लिए 100 दिन बचे हैं और ऐसे में हर दिन, हर अभ्यास और प्रशिक्षण

सत्र का इस्तेमाल इसकी तैयारियों को बेहतर करने के लिए किया जाएगा। टोक्यो ओलंपिक का कांस्य पदक विजेता भारत मौजूदा विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर है। हरमनप्रीत ने कहा कि वे पेरिस में अपने टोक्यो परिणाम में सुधार करना चाहते हैं। इस स्टार ड्रैग-फ्लिकर की टिप्पणी ऑस्ट्रेलिया के हालिया दौरे में भारत के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद आई, जहां मेजबान टीम ने उन्हें 0-5 से हराया था।

कोहली, धोनी की तरह भरोसा बरकरार रखा

कोलकाता। राजस्थान रॉयल्स के जोस बटलर ने आईपीएल में 'अजीब चीजें' होते देखी हैं और उन्होंने विराट

कोहली तथा महेंद्र सिंह धोनी जैसे खिलाड़ियों से प्रेरणा लेकर यहां कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अकेले दम पर टूर्नामेंट के इतिहास का सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करने में टीम की मदद की। बटलर ने 60 गेंदों में नाबाद 107 रन बनाए जिससे राजस्थान रॉयल्स ने मंगलवार रात नाइट राइडर्स को दो विकेट से हराया। बटलर को पारी के अंत में चलने में भी दिक्कत हो रही थी लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी।

पेरिस ओलंपिक की 100 दिनों की उलटी गिनती शुरू, खेलों की विरासत बनाए रखने पर जोर

एजेंसी ▶▶| पेरिस

पेरिस ओलंपिक के शुरू होने में 100 दिन बचे हैं और इसके आयोजक इन खेलों के जरिए ऐसी विरासत तैयार करना चाहते हैं जिससे ओलंपिक के लिए बनाई गई सुविधाओं का इस्तेमाल लंबे समय तक स्थानीय बच्चे और युवा कर सकें।

फ्रांस की राजधानी में एक सदी से अधिक समय के बाद हो रहे ओलंपिक खेलों का मूल्यांकन केवल इसके व्यापक होने के आधार पर नहीं किया जाएगा। एक और पैमाना पेरिस के आसपास के शहरों पर इसका सकारात्मक प्रभाव होगा। इस ओलंपिक के मेजबान के मुताबिक ये खेल सामाजिक रूप से सकारात्मक होने के साथ ही कम प्रदूषणकारी और कम बर्बादी वाले होंगे।

सेनी-सेंट डेनिस में ओलंपिक गांव का निर्माण

फ्रांस के सबसे पिछड़े इलाकों में से एक 'सेनी-सेंट डेनिस' क्षेत्र को इस ओलंपिक से काफी उम्मीदें हैं। प्रवासियों से भरे इस क्षेत्र के लोगों को नस्लीय भेदभाव और अन्य तरह की रुकावटों का सामना करना पड़ता है। इसी क्षेत्र में ओलंपिक गांव का निर्माण हुआ है जिसमें 10,500 से ज्यादा ओलंपिक और 4,400 से ज्यादा पैरालंपिक खिलाड़ी रहेंगे। यह स्थान ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धा के साथ रग्बी और समापन समारोह की मेजबानी करेगा।

लंबे समय तक मिले फायदा

आयोजन समिति की विरासत निदेशक मैरी बार्साक ने एक साक्षात्कार में कहा, 'हम वास्तव में उस तरह की सुविधाओं का निर्माण नहीं करना चाहते थे जिनकी भविष्य में जरूरत नहीं होगी।' सेवरान के मेयर स्टीफन ब्लैंचेट ने कहा, 'इन ओलंपिक खेलों की महत्वाकांक्षा यह है कि इससे लंबे समय तक सभी को फायदा हो सके।'

कम खर्च में होगा आयोजन

एक आकलन के मुताबिक पेरिस खेलों का खर्च पिछले तीन ओलंपिक मेजबानों (2020-टोक्यो, 2016- रियो और 2012-लंदन) से कम होगा। इसके साथ ही आयोजक लगभग आधी रकम को प्रायोजकों, टिकट और गैर-सार्वजनिक वित्तपोषण से हासिल कर लेंगे जिससे देश के करदाताओं पर कम बोझ पड़ेगा।

अमेरिका और चीन रहेंगे शीर्ष पर

अमेरिका और चीन के स्वर्ण पदक और कुल पदकों की संख्या के मामले में 100 दिन में शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक में शीर्ष दो में रहने की उम्मीद है। अमेरिका के 39 स्वर्ण सहित कुल 123 पदक जीतने का अनुमान है। चीन के 35 स्वर्ण सहित 89 पदक जीतने की संभावना है। तीन साल पहले महामारी के कारण विलंब से हुए टोक्यो ओलंपिक में भी ये दोनों देश स्वर्ण पदक और कुल पदक के मामले में शीर्ष दो में रहे थे। यह पूर्वानुमान नीलसन के ग्रेसनोट स्पोर्ट्स द्वारा लगाया गया है जो दुनिया भर की खेल लीग के लिए सांख्यिकीय विश्लेषण प्रदान करता है। मेजबान देश की पदकों की संख्या में हमेशा इजाफा होता है और टोक्यो में कुल 33



पदक जीतने वाले फ्रांस को पेरिस में 55 पदक मिलने का अनुमान है। फ्रांस ने टोक्यो में 10 स्वर्ण पदक जीते थे और पेरिस में उसे इससे लगभग तीन गुना 28 पदक मिलने का अनुमान लगाया गया है। टोक्यो में जापान ने भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 27 स्वर्ण सहित कुल 58 पदक जीते थे।

आईपीएल : 89 रन के लक्ष्य को कैपिटल्स ने चार विकेट पर हासिल कर लिया

सिर्फ नौ ओवर में छह विकेट से जीती दिल्ली गुजरात ने बनाया सत्र का सबसे छोटा स्कोर

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

दिल्ली कैपिटल्स ने कप्तान ऋषभ पंत और गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन की बदौलत बुधवार को यहां कम स्कोर वाले इंडियन प्रीमियर लीग मैच में गुजरात टाइटन्स को छह विकेट से शिकस्त दी। दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला करते हुए गुजरात टाइटन्स को 17.3 ओवर में 89 रन पर ढेर कर दिया जो इस सत्र में किसी भी टीम का सबसे कम स्कोर है। गुजरात टाइटन्स का यह आईपीएल में अब तक का सबसे कम स्कोर भी था। दिल्ली कैपिटल्स ने यह लक्ष्य महज 8.5 ओवर में चार विकेट पर 92 रन बनाकर हासिल कर लिया।

पिछले कुछ मैचों में दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाज असरदार नहीं रहे थे लेकिन आखिरकार इस मैच में जलवा दिखाने में सफल रहे। मुकेश कुमार सबसे ज्यादा सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 14 रन देकर तीन विकेट झटके जबकि इशांत शर्मा ने आठ रन देकर दो और ट्रिस्टन स्टब्स ने अपने एक ओवर में दो विकेट हासिल किए। गुजरात टाइटन्स की बल्लेबाजी काफी खराब रही, उसके लिए केवल तीन खिलाड़ी दोहरे अंक तक पहुंचे जिसमें से राशिद खान ने सबसे ज्यादा 24 गेंद में 31 रन बनाए जिन्होंने टीम की पारी का एकमात्र छक्का भी लगाया।

पंत मैच के हीरो

पंत की कप्तानी लाजवाब रही, जिन्होंने सही समय पर गेंदबाजों को लगाने के अलावा स्टंप के पीछे शानदार प्रदर्शन किया और फिर 11 गेंद में नाबाद 16 रन बनाकर जीत दिलाई। यह विकेटकीपर बल्लेबाज विकेट के पीछे काफी फुर्तीला रहा, उन्होंने विकेट के पीछे कैच लपकने के अलावा शानदार स्टंपिंग भी की और टी20 विश्व कप को देखते हुए उनका प्रदर्शन भारतीय क्रिकेट के लिए अच्छा संकेत है। दिल्ली कैपिटल्स के लिए जेक फ्रेजर मैकगुर्क ने 20 रन, शाई होप ने 19 रन और अभिषेक पोरेल ने 15 रन का योगदान दिया।

दिल्ली की लंबी छलांग

सत्र में ऋषभ पंत की कप्तानी वाली दिल्ली टीम की 7 मैचों में ये तीसरी जीत है। इस टीम ने अब तक 4 मैच हारे हैं। इस जीत के बाद दिल्ली कैपिटल्स ने पॉइंट्स टेबल में लंबी छलांग लगाई। ये टीम 9वें से छठवें नंबर पर पहुंच गई है। दूसरी ओर शुभमन गिल की कप्तानी वाली गुजरात टीम ने अब तक 7 में से 3 ही मैच जीते और 4 हारे हैं। इस हार के बाद गुजरात को एक पायदान का नुकसान हुआ है। यह टीम पॉइंट्स टेबल में 7वें नंबर पर पहुंच गई है।

स्कोर बोर्ड

गुजरात टाइटन्स	रन	गेंद	4	6
साहा बो मुकेश कुमार	02	10	0	0
शुभमन का साय बो शर्मा	08	06	2	0
सुदर्शन रन आउट (सुमित)	12	09	2	0
डेविड मिलर का पंत बो शर्मा	02	06	0	0
मनोहर स्ट पंत बो स्टब्स	08	14	1	0
तेवतिया पवाबाधा बो पटेल	10	15	1	0
शाहरुख स्ट पंत बो स्टब्स	00	01	0	0
राशिद का पंत बो मुकेश	31	24	2	1
मोहित का सुमित बो अहमद	04	14	0	0
अहमद बो मुकेश कुमार	01	07	0	0
स्पेंसर जॉनसन नाबाद	01	01	0	0

अतिरिक्त : 10, कुल : 17.3 ओवर में 89/10

गेंदबाजी : खलील 4-1-18-1, इशांत 2-0-8-2, मुकेश 2.3-0-14-3, कुलदीप 4-0-18-0, स्टब्स 1-0-11-2, अक्षर 4-0-17-1,

दिल्ली कैपिटल्स	रन	गेंद	4	6
पृथ्वी का जॉनसन बो वारियर	07	06	1	0
मैकगुर्क का मनोहर बो जॉनसन	20	10	2	2
पोरेल बो स्टंप वारियर	15	07	2	1
होप का मोहित बो राशिद	19	10	1	2
ऋषभ पंत नाबाद	16	11	1	1
सुमित कुमार नाबाद	09	09	2	0

अतिरिक्त : 06, कुल : 8.5 ओवर में 92/4

गेंदबाजी : वारियर 3-0-40-2, जॉनसन 2-0-22-1, राशिद 2-0-12-1, अहमद 1.5-0-14-0.

खास खबर

पैरा तीरंदाज शीतल ने सक्षम खिलाड़ियों के बीच जीता रजत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एशियाई पैरा खेलों की स्वर्ण विजेता शीतल देवी ने खेलो इंडिया एनटीपीसी राष्ट्रीय रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता में सक्षम खिलाड़ियों के बीच रजत पदक जीता। वह हरियाणा की एकता रानी के बाद दूसरे स्थान पर रहीं जो जूनियर विश्व चैंपियन हैं। डीडीए यमुना खेल परिसर में आयोजित प्रतियोगिता में 17 वर्षीय शीतल ने सक्षम जूनियर तीरंदाजों के साथ प्रतिस्पर्धा की और व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा के फाइनल में एकता से 138-140 से हार गईं।

इस साल की शुरुआत में हांगझोउ एशियाई पैरा खेलों में दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीतने के लिए अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित शीतल का जन्म फोकोमेलिया नामक एक दुर्लभ बीमारी के साथ हुआ था। वह पहली और एकमात्र अंतरराष्ट्रीय पैरा तीरंदाज हैं जिनकी बांह नहीं

है। शीतल का मानना है कि खेलो इंडिया प्रतियोगिता में उनके प्रदर्शन से उन्हें आगे की चुनौतियों के लिए तैयार होने में मदद मिलेगी। एकता को स्वर्ण पदक जीतने के लिए 50 हजार रुपए की पुरस्कार राशि मिली जबकि शीतल को 40 हजार रुपए मिले। टूर्नामेंट तीन श्रेणियों - सीनियर, जूनियर और सब जूनियर रिकर्व तथा कंपाउंड वर्ग में आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता में 87 तीरंदाजों ने भाग लिया।

चैंपियंस लीग : पीएसजी ने बार्सिलोना को 4-1 से हराया, सेमीफाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| बार्सीलोना

एक घंटे से अधिक समय तक एक अतिरिक्त खिलाड़ी से खेल रहे पेरिस सेंट जर्मेन ने दूसरे चरण में बार्सीलोना को हराकर चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। काइलियान एमबापे ने दो गोल दागे जिससे पीएसजी ने मंगलवार को 4-1 से जीत दर्ज की और घरेलू मैदान पर पहले चरण में हार के बावजूद 6-4 के कुल स्कोर से सेमीफाइनल में जगह बनाई।

फ्रांस के स्टार खिलाड़ी एमबापे के क्लब के साथ आखिरी सत्र में टीम की पहले यूरोपीय खिताब की उम्मीद बरकरार है। बार्सीलोना के डिफेंडर रोनाल्ड अराउजो को 29वें मिनट में

ब्रेडली बार्कोला के खिलाफ फाउल के लिए लाल कार्ड दिखाया गया जिसके बाद टीम को बाकी मुकाबला 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। बार्सीलोना को 12वें मिनट में राफिन्हा ने बढ़त दिलाई जिसके बाद 40वें मिनट में ओसमाने डेम्बेले ने स्कोर 1-1 कर दिया। विटिन्हा ने 54वें मिनट में गोल करके पीएसजी को 2-1 से आगे किया। डेम्बेले और विटिन्हा दोनों बार्सीलोना के लिए खेल चुके हैं। एमबापे ने इसके बाद 61वें मिनट में पेनल्टी पर गोल दागा और फिर 89वें मिनट में एक और गोल करके टीम की 4-1 की जीत सुनिश्चित करते हुए उसे सेमीफाइनल में जगह दिलाई।

नारायण की सफलता का श्रेय गंभीर को दिया

कोलकाता। रिंकू सिंह का मानना है कि आईपीएल के मौजूदा सत्र में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए सुनील नारायण से पारी का आगाज कराना 'मास्टरस्ट्रोक' साबित हुआ है और वेस्टइंडीज के इस खिलाड़ी को ऊपरी क्रम में भेजने का श्रेय टीम के मार्गदर्शक गौतम गंभीर को जाना चाहिए। नारायण ने मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 56 गेंद में 109 रन बनाकर अपना पहला टी20 शतक बनाया। मौजूदा सत्र में बल्लेबाजी क्रम में शीर्ष पर उनकी फॉर्म उल्लेखनीय रही है। उन्होंने निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए पिछले तीन सत्र में केवल 154 रन बनाए थे जबकि इस सत्र में बतौर सलामी बल्लेबाज छह मैच में 276 रन बना चुके हैं।

किनवेन ने स्टुटगार्ट में कर्स्टी को हराया मारिया का स्वियाटेक से होगा सामना

एजेंसी ▶▶| स्टुटगार्ट

चीन की झेंग किनवेन ने लंबे सफर के बाद पोर्श ग्रां प्री टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में सोराना कर्स्टी को सीधे सेट में शिकस्त दी। दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी झेंग ने 76 मिनट में 6-2, 6-3 से जीत दर्ज की। झेंग लंबे सफर के बाद यहां पहुंची थी लेकिन उन पर थकान का असर नहीं दिखा। वह पहले बीजिंग से चांगशा और फिर वहां से फ्रैंकफर्ट गई जहां से वह स्टुटगार्ट पहुंची।

बेल्जियम की एलिस मर्टेन्स ने कड़े मुकाबले में तात्याना मारिया को 6-1, 4-6, 6-0 से हराया। वह दूसरे दौर में दो बार की गत चैंपियन इगा स्वियाटेक से भिड़ेंगी। स्वियाटेक

2012-14 में मारिया शारापोवा के बाद स्टुटगार्ट में खिताबी हैट्रिक बनाने वाली पहली खिलाड़ी बनने के लिए चुनौती पेश कर रही हैं। अन्य मुकाबलों में विंबलडन चैंपियन मार्केटा वांद्रोसोवा ने डोना वेकिच को 6-4, 6-3 से हराया जबकि इटली की जैस्मिन पाओलिनी ने हमवतन सारा इरानी को 6-1, 6-0 से शिकस्त दी। चेक गणराज्य की किशोरी लिंडा नोसकोवा ने 10वें नंबर की येलेना ओस्टापेंको को 6-3, 6-1 से हराकर उलटफेर किया।

कैंडिडेट्स शतरंज : टूर्नामेंट में केवल चार दौर का खेल बाकी

कारुआना से भिड़ेंगे गुकेश, प्रज्ञानानंदा का नाकमुरा से मैच

एजेंसी ▶▶| टोरंटो

रूस के इयान नेपोमनियाची के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे भारत के डी गुकेश कैंडिडेट्स शतंरज टूर्नामेंट के 11वें दौर में जब यहां अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त फाबियानो कारूआना से भिड़ेंगे तो उनकी नजरें इस मुकाबले को जीतकर शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत करने पर टिकी होंगी।

आर प्रज्ञानानंदा का मुकाबला अमेरिका के हिकारू नाकामुरा से होगा। टूर्नामेंट में केवल चार दौर का खेल बाकी है और भारत के इन दोनों किशोर खिलाड़ियों 17 साल के गुकेश और 18 साल के

प्रज्ञानानंदा के पास अच्छा मौका है। विदित गुजराती ने भी मुकाबले में खुद को बनाए रखा है और उन्हें बस थोड़ा बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है। शतरंज की वैश्विक संचालन संस्था फिडे के ध्वज तले खेल रहे नेपामनियाची टूर्नामेंट में एकमात्र अजेय खिलाड़ी हैं लेकिन उन्हें अगले दो दौर में कड़े प्रतिद्वंद्वियों से निपटना है। अगले दौर में विदित और नेपामनियाची आमने-सामने होंगे जबकि इसके बाद रूस के खिलाड़ी को प्रज्ञानानंदा से भिड़ना है। ये दो मैच संभवतः टूर्नामेंट की दिशा तय करेंगे और अगली विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर का फैसला करने के लिए महत्वपूर्ण हो सकते हैं। गुकेश के लिए करूआना के खिलाफ मुकाबला महत्वपूर्ण होगा क्योंकि भारतीय खिलाड़ी सफेद मोहरों से खेलेगा।

जीत के लिए करेंगे हर संभव प्रयास

इतालवी अमेरिकी कारुआना लगातार छठी बार कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे हैं लेकिन उन्होंने इसे केवल एक बार जीता है। गुकेश 12वें दौर में सबसे निचले स्थान पर मौजूद अजरबेजान के निजात अबासोव को हराने पर ध्यान केंद्रित करेंगे, बशर्ते वह कारुआना को रोकने में सफल रहे। काले मोहरों के साथ अजरबेजान के अबासोव के खिलाफ खेलने वाले गुकेश निश्चित रूप से जीत के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। अबासोव को हालांकि सफेद मोहरों से खेलने का फायदा मिलेगा। भारतीय दृष्टिकोण से प्रज्ञानानंदा के अगले दो दौर के मुकाबले सबसे अधिक महत्वपूर्ण होंगे।

जान्हवी कपूर को करियर में पहली बार मिला ऐसा रोल

जंगली पिक्चर्स ने एक टीजर के साथ मच फिल्म उलझ की रिलीज डेट अनाउंस की है। इस अनाउंसमेंट के बाद से फिल्म के लिए एक्साइटमेंट और बढ़ गई है। इस फिल्म में टैलेंटेड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर को गुलशन देवैया और रोशन मैथ्यू के साथ एक ऐसे अवतार में दिखाया जाएगा जैसा एक्सपेरिमेंट उन्होंने आज तक नहीं किया है। टीजर दर्शकों को आईएफएस (भारतीय विदेश सेवा) की उच्च जोखिम वाली दुनिया की एक झलक पेश करता है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता डायरेक्टर सुधांशु सरिया के डायरेक्शन में बनी ये फिल्म 5 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। उलझ एक युवा राजनयिक के सफर की कहानी दिखाती है जो देशभक्तों के एक प्रमुख परिवार से संबंधित है। अपने करियर-परिभाषित पद पर अपने घर से दूर रहते हुए खुद को एक खतरनाक व्यक्तिगत साजिश में उलझा हुआ पाता है। बहुत ज्यादा ध्यान आकर्षित करने के बाद, उलझ के टीजर को जान्हवी ने रिलीज किया। उन्होंने लिखा, झूठ, धोखे और विश्वासघात की दुनिया में आएं - उलझ 5 जुलाई को सिनेमाघरों में।

फिल्मों में आने से पहले सक्सेसफुल सिंगर थे डैनी

बॉलीवुड के पॉपुलर एक्टर रहे डैनी डेन्जोंगपा का नाम आज भी लोगों को एक बेहतरीन एक्टर के रूप में याद है। डैनी ने इंडस्ट्री में पांच दशकों से भी ज्यादा समय तक काम किया है। अपने इस लंबे करियर में उन्होंने कई किरदार निभाए और एक से बढ़कर एक फिल्में की। उन्होंने अपनी एक्टिंग से यह साबित कर दिया कि वे इंडस्ट्री के शानदार कलाकारों में से एक हैं। डैनी का जन्म 25 फरवरी 1948 को सिक्किम में हुआ था। उनके गहरे व्यक्तित्व और भारी आवाज ने उन्हें खूब पॉपुलैरिटी दिलाई। जब भी वे स्क्रीन पर आते थे, दर्शकों का दिल जीत लेते थे। आज हम आपको डैनी से जुड़े दिलचस्प किस्से बताने जा रहे हैं, जो बहुत कम लोग जानते हैं। डैनी डेन्जोंगपा का असली नाम शेरिंग फिंटसो डेन्जोंगपा है। डैनी एक फेमस एक्टर हैं, उन्होंने बॉलीवुड को कई सुपरहिट फिल्में दी हैं। डैनी ने अपनी अदाकारी से इंडस्ट्री में एक अलग ही जगह बनाई है। बता दें कि डैनी डेन्जोंगपा सिक्किम के सुरम्य पहाड़ी शहर गंगटोक से हैं।

यामी गौतम को पति ने तोहफे में दी रामायण और अमर चित्र कथा

आर्टिकल 370 की आपार सफलता के बाद यामी गौतम अपनी प्रेग्नेंसी पीरियड को खूब एंजॉय कर रही हैं। इस साल अपनी फिल्म की सफलता के अलावा, वह अपनी प्रेग्नेंसी के अंतिम चरण का भी आनंद ले रही हैं। यामी गौतम का कहना है कि उनके और फिल्म मेकर आदित्य धर के परिवार में नए सदस्य के स्वागत की तैयारी चल रही है। इस बारे में यामी ने बातों से पर्दा उठाया।

प्रेगनेंसी को लेकर यामी का खुलासा

मेरा परिवार यहां मुंबई में है, मेरी बहन (सुरीली) जल्द ही मेरे पास आने वाली है। हम पारंपरिक हैं, हमारे पास नर्सरी बनाने को लेकर कोई नई सोच नहीं हैं। यह मेरे लिए काफी उत्सुकता भरा पल है। हम सभी बहुत उत्साहित हैं। वह प्रेग्नेंसी को लेकर बहुत ज्यादा खुश हैं। हम अक्सर इसके बारे में बात करते रहते हैं। साथ ही हम आने वाले बेबी को लेकर एक-दूसरे से अपने विचार शेयर करते रहते हैं। आदित्य अक्सर मुझे प्रेग्नेंसी से जुड़ी चीजे भेजते रहते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि इससे मेरी कुछ मदद हो पाएगी। आगे यामी ने अपने माता-पिता के बारे में बात करते हुए कहा, हमारे माता-पिता हैं जिनसे हम पूछते रहते है कि आखिर उन्होंने इस समय पर क्या किया था। आगे यामी ने आदित्य को लेकर कहा, जो भी आदित्य को जानता है उन्हें यह बात अच्छे से पता है कि आदित्य बहुत ही शांत स्वभाव के इंसान हैं। वह अक्सर मुझसे पूछते रहते है कि मुझे आज खाने के लिए क्या चाहिए। मुझे आज क्या करने का मन कर रहा है। यही नहीं बल्कि वह मेरे लिए अमर चित्र कथा और रामायण ग्रंथ लाए हैं।

46 की उम्र में मां बनने की फीलिंग्स को जीना चाहती हैं तनीषा

काजोल की बहन तनीषा मुखर्जी एक बार फिर से चर्चा में आ गई हैं। इस बार वो अपने किसी रियलिटी शो नहीं बल्कि पर्सनल लाइफ की वजह से हेडलाइन्स में हैं। एक्ट्रेस को मां तनुजा और बहन काजोल के जैसे नेम और फेम नहीं मिल सका। फिर भी वो लगातार मेहनत करती रहीं। वहीं उनकी पर्सनल लाइफ भी अधूरी रही है। उन्हें 46 साल की उम्र में भी सच्चा प्यार करने वाला नहीं मिल पाया। अब ऐसे में तनीषा में अपनी शादी और मां ना बन पाने का दर्द बयां किया है।

उन्होंने मां बनने की इच्छा जाहिर किया है। दरअसल, तनीषा मुखर्जी जल्द ही अपकमिंग फिल्म लव यू शंकर में नजर आने वाली हैं। इसमें उन्होंने एक मां का किरदार निभाया है। रियल लाइफ में तनीषा सिंगल हैं। वो शादीशुदा नहीं हैं। 46 साल की तनीषा को अब तक सच्चा प्यार नहीं मिल पाया है। फिल्म के प्रमोशन के दौरान एक्ट्रेस ने बताया कि वो मां बनना चहती हैं। एक जानीमानी मीडिया से बात करते हुए तनीषा ने कहा कि उन्हें मां बनने का एहसास बहुत पसंद है और वो इसे अनुभव करना चाहती हैं। उन्हें बच्चे बहुत पसंद है लेकिन, अभी तक उनकी ये ख्वाहिश पूरी नहीं हो पाई। इसकी वजह से तनीषा ने स्क्रीन पर ही मां बन गई।

मां बनने की ख्वाहिश रहती है तनीषा

स्क्रीन पर मां बनने को तनीषा ने बहुत ही शानदार एक्सपीरियंस बताया। वो सच में मां बनने की फीलिंग्स को जीना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि शादी और मां बनने की ख्वाहिश को पूरा करने के लिए उन्हें एक लड़का तलाश करना होगा। फिर से उससे उन्हें शादी करनी होगी। इसके बाद ही वो मां बन सकेंगी। इस प्रक्रिया में उन्हें समय लगेगा। क्योंकि अभी तक उन्हें उनकी पसंद का लड़का नहीं मिला है। ऐसे में देखना होगा कि उन्हें लड़का कब मिलता है और मां बनने का सपना कब पूरा होता है। अब ये तो वक्त ही बताएगा।

प्रियंका चोपड़ा के लेटेस्ट पोस्ट ने किया फैंस को परेशान

एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा बॉलीवुड से हॉलीवुड तक का सफर तय कर चुकी हैं। आज वो ग्लोबल स्टार कहलाती हैं। प्रियंका चोपड़ा सोशल मीडिया पर खासा एक्टिव रहती हैं और आए दिन अपने पोस्ट को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं। लेकिन प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में जो पोस्ट शेयर किया है उसे देख फैंस परेशान हो गए हैं और हो भी क्यों ना एक्ट्रेस ने अपनी परेशान कर देने वाली फोटो जो शेयर की है। जिसमें एक्ट्रेस के



चेहरे पर खून और चोट दिखाई दे रहा है। फिल्म इंडस्ट्री में ऐसे कई स्टार्स हैं, जो आए दिन अपने बारे में कई इंटरेस्टिंग खुलासे करते रहते हैं। कई ऐसे स्टार्स भी हैं, जिन्होंने बताया कि फिल्मों में आना उनका सपना कभी नहीं रहा है। हालांकि बात जब फिल्मी परिवार की होती है तो लोग यही सोचते हैं कि इस परिवार के बच्चे भी फिल्मों में ही काम करेंगे। हालांकि कई बार ऐसा होता नहीं है। फोटो में दिख रही ये बच्ची भी फिल्मी परिवार से ताल्लुक रखती है लेकिन वो फिल्मों से हटकर अपना करियर बनाना चाहती थी।

सिंघम अगेन के सेट से आईं दीपिका की तस्वीरें, बेबी बंप पर टिकी हर किसी की नजर

दीपिका पादुकोण जल्द ही मां बनने वाली हैं। रणवीर सिंह और उनका ये पहला बेबी होगा। शादी के कई साल बाद वह

पैरेंट्स बनने वाले हैं। प्रेग्नेंसी में भी वह शूटिंग कर रही हैं। दरअसल रोहित शेट्टी की फिल्म सिंघम अगेन के सेट से फोटोज सामने आई हैं जहां

पहली बार दीपिका पादुकोण इस तरह के फिटिड कपड़ों में दिखी हैं। सोशल मीडिया पर फिल्म के सेट से लीक हुई तस्वीरें काफी वायरल हो रही है, चलिए दिखाते हैं आपको भी। पिछले साल रोहित शेट्टी ने सिंघम अगेन के बारे में बताया था। फिल्म में दीपिका पादुकोण लेडी सिंघम के रूप में नजर आएंगी। पिछले साल मेकर्स ने एक फोटो भी शेयर की थी जहां दीपिका खून से लथपथ वर्दी में नजर आ रही थीं। मालूम हो, रोहित शेट्टी और दीपिका पहले चैन्नई एक्सप्रेस में साथ में काम कर चुके हैं।

सिंघम अगेन के सेट से दीपिका की तस्वीरें

सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीरें सिंघम अगेन फिल्म के दौरान की है। जहां दीपिका का हल्का सा बेबी बंप भी झलक रहा है। ये पहला मौका है जब वह कुछ ऐसे फिटिड कपड़ों में दिख रही हैं। अभी ये साफ नहीं है कि ये ताजा फोटोज हैं कि पुरानी।

बेटे से इतना पर्सनल सवाल पूछकर बुरा फंसी मलाइका, भड़क गए लोग

अरबाज खान और मलाइका अरोड़ा के बेटे अरहान खान इस समय अपने एक वॉडकास्ट डम बिरयानी को लेकर खबरों में हैं। इसके अगले एपिसोड में अरहान खान की मां मलाइका अरोड़ा नजर आने वाली हैं जोकि उनके कई मुद्दों पर बात करती दिखेंगी। लेकिन इस वक्त जो वीडियो सामने आया है उसमें दोनों ने कुछ ज्यादा ही खुलकर बात कर डाली है। अरहान से मलाइका अरोड़ा उनकी वर्जिनिटी पर सवाल पूछ रही हैं तो वहीं अरहान खान ने भी कुछ ऐसा पूछ लिया जो कि आपको हिलाकर रख देगा। इसके पहले अरहान खान के शो पर सोहेल खान और अरबाज खान गेस्ट के तौर नजर आए थे। लेकिन मलाइका के साथ ये वीडियो चर्चा में हैं। वर्जिनिटी पर कैसा सवाल पूछा? अरहान खान इस दौरान अपनी मां मलाइका

अरोड़ा से बात कर रहे थे। वायरल हो रहे टीजर में आप देखेंगे कि मलाइका ने अरहान से पूछ लिया कि आपने कब अपनी वर्जिनिटी लूज की थी? जाहिर है कि इस सवाल के बाद अरहान पूरी तरह से हैरान थे। मां के सवाल के बाद अरहान का चेहरा देखने लायक था और उन्होने एक शब्द नहीं निकाला। कुछ देर रुकने के बाद अरहान ने भी मां से पूछा, क्या आपको लोगों से घुलना-मिलना पसंद है? इस पर वह तुरंत इनकार कर देती हैं। इसके बाद अरहान उनकी पर्सनल लाइफ को लेकर सवाल दागते हैं और पूछते हैं, मेरा अगला सवाल ये है कि आप शादी कब रही हैं? जैसे ही ये टीजर सामने आया लोग हैरान हैं और बुरी तरह से भड़के हुए हैं। लोग कर रहे हैं ऐसे कमेंट्स इस तरह की बातचीत मां-बेटे के बीच देखकर कुछ नेटिजेंस को बिल्कुल पसंद नहीं आई है। वो तानाकशी कर रहे हैं। एक ने लिखा है, वाह, जो संस्कार मिले हैं उसकी नुमाइश हो रही है। दूसरा यूजर लिखता है, वेस्टर्न कल्चर को कॉपी करने की कोशिश। एक ने लिखा है, देख तेरे संसार की हालत क्या हो गई भगवान, कितना बदल गया इंसान। एक ने लिखा, वाह, बेटे मां से दूसरी शादी के लिए पूछ रहा है। फिलहाल आप देखिए ये टीजर जो कि वायरल है।

भारत लौटी अनुष्का जल्द दिखाएंगी बेटे अकाय का चेहरा

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने दूसरे बेबी के जन्म की गुडन्यूज सोशल मीडिया पर शेयर की थी। उनके बेटे अकाय का जन्म लंदन में हुआ था। एक्ट्रेस अब डिलीवरी के दो महीने बाद भारत लौट आई हैं। विराट कोहली और अनुष्का शर्मा अपनी पर्सनल लाइफ को प्राइवेट ही रखना पसंद करते हैं। खासतौर से जब बच्चों की बात आती है तो वह उन्हें पैपराजी और लाइमलाइट से दूर रखते हैं। फरवरी में अनुष्का शर्मा के बेटे अकाय का जन्म हुआ था। खबरों के मुताबिक एक्ट्रेस अपनी डिलीवरी के लिए लंदन गई थी और वह दो महीने से अपने दोनों बच्चों के साथ वहीं थीं। हालांकि विराट और अनुष्का ने एक भी बार अपने बेटे की तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर नहीं की है।

इस बीच जानकारी आई है कि दो महीने बाद अनुष्का शर्मा अपने बेटे अकाय और बेटी वामिका के साथ भारत लौट आई हैं। इस बीच उन्होंने एयरपोर्ट पर पैपराजी को अपने बेटे की झलक दिखाई। हालांकि ये उनके फैंस के लिए नहीं था। उन्होंने पैपराजी को बेटे की तस्वीर लेने से साफ मना कर दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, विराट और अनुष्का अपने दोनों बच्चों के साथ एयरपोर्ट पर स्पॉट हुए।

अनुष्का शर्मा ने पैपराजी से वादा किया है कि वह जल्दी ही खुद फोटो क्लिक कराने सामने आएंगी, लेकिन तब जब बच्चे उनके साथ नहीं होंगे। बता दें कि, फरवरी में अनुष्का ने पोस्ट शेयर कर बेटे अकाय के जन्म की गुडन्यूज शेयर की थी। जानकारी के मुताबिक, 15 फरवरी को कपल ने अपने बेटे का वेलकम किया था। फिलहाल फैंस को इंतजार है कि आखिर कपल कब बेटे की पहली झलक फैंस के साथ साझा करेंगे।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़े मुख्तार अंसारी के करीबी जाकिर हुसैन उर्फ विक्की

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय संयोजक ठाकुर राजा रईस बुधवार की शाम को जाकिर हुसैन विक्की के शहर कोतवाली स्थित घर पहुंचे, जहां बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगो ने उनका स्वागत फूल माला पहना कर किया, ठाकुर राजा रईस ने कहा कि हम उन मुसलमान को खड़ा करना चाहते हैं जो राष्ट्र के लिए काम करें और और देश की मुख्य धारा में वह शामिल हों। बता दें कि कभी गैंगस्टर रहे पूर्व विधायक मरहूम मुख्तार अंसारी के करीबी जाकिर हुसैन उर्फ 'विक्की' को आरएसएस परिवार की ही शाखा मुस्लिम राष्ट्रीय मंच में एक बड़ी जिम्मेदारी मिली है, जिसकी घोषणा राष्ट्रीय संयोजक "एम आर एम" ठाकुर राजा रईस ने सबके सामने की और बताया कि आज हम लोग वाराणसी में इंद्रेश जी के साथ एक कार्यक्रम में थे, और विक्की भाई हमलोग के साथ थे और इन्हें मुस्लिम राष्ट्रीय मंच में शामिल किया गया है।और पूर्वांचल के मुसलमानों को मंच से जोड़ने का दायित्व सौंपा गया है। बता दें कि मुस्लिम राष्ट्रीय मंच जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की एक शाखा है, इसके राष्ट्रीय संयोजक ठाकुर राजा रईस के द्वारा जाकिर हुसैन विक्की को पूर्वांचल का सहसंयोजक घोषित किया गया है इस दौरान विक्की अंसारी के द्वारा राष्ट्रीय संयोजक ठाकुर राजा रईस को उनके घर पर स्थानीय मौलानाओं और इस्लामिक स्कॉलर्स एवं स्थानीय लोगों द्वारा फूल माला भी पहना कर स्वागत किया गया, इस दौरान ठाकुर राजा रईस द्वारा विक्की को भी माल्यार्पण कर उनके पद दायित्व की घोषणा की गई।मीडिया से बात करते हुए ठाकुर राजा रईस जो मुस्लिम राष्ट्रीय मंच "एम आर एम" के संयोजक हैं उन्होंने बताया कि वे मंच के पूर्णकालिक कार्यकर्ता हैं, पूरे देश में यह संगठन खड़ा हो चुका है और वे लोग गाजीपुर प्रवास पर हैं और काशी से आ रहे हैं, उन्होंने कहा कि हम खुद भी गुमनामी से निकलेंगे और दुनियां को भी गुमनामी से निकालेंगे, आधी रोटी खाएंगे, लेकिन बच्चों को जरूर पढ़ाएंगे, तालीम जिंदगी के लिए



और जिंदगी वतन के लिए इस विचार धारा के साथ मंच काम कर रहा है, इस दौरान उन्होंने कहा कि गाय अगर अजीम होती तो उसकी अरब में कुबार्नी होती, इसलिए गाय नहीं कटनी चाहिए, क्योंकि गाय हमारी माता है इसका दूध और घी दवा है और इसके गोश्त में कैंसर है, जब एक गाय कटती है तो मॉब लिंचिंग होती है, इसलिए गाय एक भी नहीं कटनी चाहिए, हमारे जितने भी नबी आए हैं उन्होंने गाय की तारीफ की है, मुस्लिम राष्ट्रीय मंच कुरान और हदीस की रोशनी में काम करता है।मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय संयोजक ठाकुर राजा रईस ने कहा कि हम उन मुसलमानो को खड़ा करना चाहते हैं जो राष्ट्र की मुख्य धारा से जुड़ कर काम करे, इसलिए आज गाजीपुर में जाकिर हुसैन उर्फ विक्की भाई के घर पर मुस्लिम समुदाय के भाइयों के बीच बैठकर इनको पूर्वांचल क्षेत्र की जिम्मेदारी सहसंयोजक के रूप में देकर जा रहा हूं कि यह संगठन खड़ा करेंगे और जल्द ही एक सम्मेलन भी करेंगे, ताकि राष्ट्रीय मुस्लिम मंच का विचार क्या है वह लोगों तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि अगर कोई मुस्लिम भाई मुझसे कुछ भी पूछना चाहे तो जरूर पूछ सकता है।एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि एपीजे अब्दुल कलाम को राष्ट्रपति बनाया यह बात मुसलमानो को सोचना चाहिए, जो अपने आप को अतीक और मुख्तार अंसारी से जोड़ेंगे तो नहीं चल पाएंगे, इन सभी लोगों को अपने को अल्लाह से जोड़ना पड़ेगा अपने कलाम पाक के तिलावत से जोड़ना है, ऐसे में जब अपने को अतीक और मुख्तार अंसारी से जोड़ेंगे तो कट्टरता आएगी, जब यह एक हजार पैदा करते हैं तो सेक्युलर हैं और ग्यारह सौ पैदा करते हैं तो प्रोटेस्ट करते हैं और फिर एनआरसी का विरोध करते हैं, यह आपको सोचना पड़ेगा, हमारा संगठन मुस्लिम विरोधी नहीं है।आपको बता दें कि मुख्तार अंसारी के गैंग क्र - 191 से संबंध रखने वाले जाकिर हुसैन की करीब डेढ़ करोड़ की संपत्ति पिछले साल जून में गैंगस्टर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कुर्क किया था, यह कार्रवाई मुख्तार अंसारी की पत्नी और साले के साथ जाकिर हुसैन उर्फ विक्की ने विकास कंस्ट्रक्शन कंपनी बनाया था,जिसके खिलाफ पिछले दिनों नंदगंज थाने में मुकदमा दर्ज था और इस मामले में कुर्की की कार्रवाई की गई थी जिसके बाद जाकिर हुसैन उर्फ विक्की गिरफ्तार हुआ था और अब वो जमानत के बाद छूट कर एम आर एम से जुड़ गया है और राष्ट्रीय संयोजक ठाकुर राजा रईस के साथ पूर्वांचल के सह संयोजक के रूप में इधर के अल्पसंख्यकों को राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य करेगा।इस दौरान मौलाना मोहम्मद बेलाल अजहरी इस्लामिक स्कॉलर ने एम आर एम के राष्ट्रीय संयोजक की बातों का समर्थन करते हुए कहा कि ये जो पैगाम लेकर आए हैं वही पैगाम इस्लाम का भी है, उन्होंने कहा कि इनसे मेरी पहली मुलाकात है और बस मैं यही कहूंगा कि सुने पर विश्वास मत करें जो चीज वास्तव में सही है उसपर भरोसा करें, उन्होंने कहा कि नबी ने फरमाया है कि वतन से मुहब्बत करनी चाहिए, जहां आप पैदा हुए वही आपका वतन है वहीं की मिट्टी से आप प्यार करो और वफादार रहो।

ज़िला कारागार में भजन कीर्तन के साथ कैदियों ने मनाई रामनवमी, हुआ कन्या पूजन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिला कारागार में रामनवमी के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारम्भ मे महिला बैरक में कन्या पूजन कर व्रति महिलाओं ने पारन किया। दोपहर से रामनवमी के पावन पर्व पर महिला एवं पुरूष बन्दियों ने भजन-कीर्तन कर भगवान श्री राम को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। गायक राकेश और उनकी टीम ने जेल के अंदर राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी, बम बम बोल रहा है काशी आदि कई गीतों से उपस्थित बंदियों का मन मोह लिया, और बंदी भी हाथ उठा कर भक्ति भाव में विभोर होकर गीत गाते दिखाई दिए। जेल से प्राप्त सूचना के अनुसार महिला बन्दियो मे दीपू तिवारी, उषा देवी, विजयबाला देवी आदि महिला बन्दियों ने देवी गीत गाकर माहौल को राममय बना दिया। पुरूष

बन्दियों मे उमेश, रविप्रताप, शुभम मिश्रा ने देवी गीत प्रस्तुत किया व सतीश कुमार ने ढोलक बजाकर उपस्थित लोगो को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यकम के अन्त मे सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता मे प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किये बन्दियों को जेल अधीक्षक सत्यप्रकाश ने पुरस्कृत किया। महिला बन्दियों के साथ रह-रहे बालक व बालिकाओं को खाने-पीने व पढने लिखने का किट भी वितरित किया गया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान पर अरविन्द बिन्द तथा तथा द्वितीय स्थान पर दीपक सिंह यादव, संदीप सिंह यादव व श्यामसुन्दर तीनो ने अंक प्राप्त किया। जेल अधीक्षक सत्यप्रकाश व प्रभारी जेलर रविन्द्र सिंह यादव ने उपस्थित बन्दियों को रामनवमी पर्व की शुभ कामना देते हुए सदमार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उपकारापाल रविन्द्र सिंह शिक्षाध्यापक धर्मेन्द्र श्रीवास्तव भी बंदी रक्षकों के साथ मौजूद रहे।

सीओ ने ग्रामीणों को मतदान के लिए किया जागरूक, दर्जनों मतदान स्थल का किया निरीक्षण

प्रखर थानागद्दी जौनपुर। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदान केंद्रों के निरीक्षक के दौरान केराकत सीओ प्रतिमा वर्मा ने गुरुवार को ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया। उन्होंने ग्रामीणों से किसी के भी लालच व दबाव में न आने की अपील की है। कुसैला गांव में बूथ निरीक्षण के दौरान सीओ प्रतिमा वर्मा ने ग्रामीणों से कहा कि सभी मतदाता हर हाल में मतदान के दिन वोट डालने जरूर निकलें। लोकतंत्र में यह अधिकार प्रत्येक वयस्क को है। यदि चुनाव में कोई पैसे, कपड़े, शराब या अन्य वस्तुओं का प्रलोभन देता है तो उसके प्रलोभन में न पड़ें और इसकी तुरंत सूचना दें। निरीक्षण के दौरान

उन्होंने ग्रामीणों को अपना मोबाइल नंबर भी बताया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की गतिविधि पर ग्रामीण उनके नंबर में किसी भी वक्त सूचना दे सकते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील भी की। सीओ द्वारा चौरा, कुसैला, कुसरना, तेजपुर, थानागद्दी, बम्मवन सहित एक दर्जन से ज्यादा गाव के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया।

रामभक्तों ने निकाली शोभायात्रा, राम नाम के जयकारों से गूंजा कस्बा

प्रखर खेतासराय (जौनपुर)। नगर में रामनवमीं की शोभायात्रा बुधवार को धूम धाम से निकाली गई । नगर व आसपास ग्रामों के सैकड़ों लोग शामिल हुए । डीजे की धुन पर युवा जहाँ थिरकते रहे वही रामनाम के जयकारों से पूरा कस्बा राम मय हो उठा । जलूस में दर्जन भर झाँकी शामिल रहे । शिव जी के तांडव का दृश्य आकर्षण का केंद्र रहा । सुरक्षा में लगे पुलिस कर्मी खुद मोबाइल से वीडियो बनाने से रोक नही पाएं । जुलूस की निगरानी खुद सीओ अजीत सिंह चौहान संभाल रखे थे । गोलबाजार स्तिथ रामलीला मैदान से शोभा यात्रा प्रारंभ हुई । कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में ज्योतिषाचार्य डॉ अवनीश सिंह शामिल हुए । यात्रा मुख्य मार्ग, पँजाब नेशनल बैंक, खुटहन मार्ग, पुरानी बाजार होते हुए बारा मोड़ काली मंदिर पहुँची । पुनः प्रारंभ स्थान पहुँचकर समाप्त हो गया । निकाली गई झांकी में शिवा जी, रानी लक्ष्मीबाई, महाराणा प्रताप, बॉल रूप दुर्गा, राम, लक्ष्मण व सीता की झांकी शामिल रही । सुरक्षा की दृष्टि से सर्किल की फोर्स के अतिरिक्त जिले से पुलिस बल बुलाया गया था । एलआईयू के साथ ही राजस्वकर्मी भी ड्यूटी में तैनात किए गए थे । इस मौके पर प्रमुख रूप से एसएचओ दीपेंद्र सिंह, साइबर सेल प्रभारी योगेंद्र सिंह, दूधनाथ यादव, मनीष गुप्ता धर्मरक्षक ,गजेंद्र पांडेय, अभिषेक कुमार परमार, जगदम्बा पाण्डेय, अमलेंद्र गुप्ता, संजय विश्वकर्मा, धर्मचंद गुप्ता, पप्पू पटवा, सोनू बिन्द, किशन बिन्द, अनिल प्रजापति, आदर्श श्रीवास्तव समेत अन्य लोग शामिल रहे।

रवि किशन को अपना पिता बताने वाली सिनोवा और उसकी मां अपर्णा ठाकुर ने एफआईआर को बताया बेबुनियाद, बोली मैं डीएनए टेस्ट को तैयार!

प्रखर लखनऊ। सांसद और गोरखपुर से बीजेपी प्रत्याशी रवि किशन को अपना पति बताने वाली अपर्णा ठाकुर ने बुधवार को कहा, हमारे ऊपर जो एफआईआर दर्ज कराई गई है। वह सभी आरोपी बेबुनियाद है। अगर किसी को इसकी प्रामाणिकता चाहिए तो वह बेटी का डीएनए जांच करवा सकते हैं। इस पर मुझे कोई आपत्ति नहीं है। डीएनए जांच हो जाने के बाद मेरी बेटी को हक उन्हें देना होगा। अपर्णा ठाकुर ने कहा कि पिछले साल कई बार इनको वकील के द्वारा फोन किया गया। कई बार नोटिस भेजा गया कि वह सिनोवा को उसका अधिकार दें। लेकिन, उनकी तरफ से कोई जवाब नहीं आया। यहां तक की मोबाइल फोन भी उठाना उन्होंने बंद कर दिया। उसके बाद मैंने यह कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि यह कोई भी पॉलीटिकल स्टंट या पब्लिसिटी स्टंट नहीं है। मुझे सिर्फ मेरी बेटी का हक दिलाना है। इसके अलावा मुझे और कुछ नहीं चाहिए।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि, मेरे पास सारे सबूत हैं. उन्होंने कहा कि गुरुवार को पारिवारिक न्यायालय में जाकर हम भी इंसाफ की गुहार लगाएंगे। और केस दर्ज करेंगे। अगर सच बोल रहे हैं तो उन्हें डीएनए जांच करवाने में कोई भी आपत्ति नहीं होनी चाहिए। मेरी बेटी को इंसाफ मिले।

बता दें कि, रवि किशन की पत्नी ने लखनऊ में महिला के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। जिसमें अपर्णा पर 20 करोड़ मांगने का आरोप लगाया है। साथ ही यह भी बताया गया है कि महिला पहले से ही शादीशुदा है, और उसके दो बच्चे भी हैं। वह रवि किशन को ब्लैकमैल कर रही है। दरअसल सोमवार को लनखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अभिनेता और गोरखपुर के सांसद रवि किशन शुक्ला के खिलाफ अपर्णा ठाकुर ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उसका दावा है कि रवि किशन ने 25 साल पहले उनसे शादी की महिला की एक बेटी भी है, जिसका नाम सिनोआ है। महिला का दावा है कि यह बेटी रवि किशन की है। पिछले एक साल से रवि किशन ने महिला और बेटी बातचीत करना बंद कर दिया। जिसके बाद वह अपने इंसाफ की लड़ाई लड़ रही है।

वाराणसी में रामनवमी के अवसर पर हिन्दू एकता शोभायात्रा उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न

रामराज्य के ध्येय को साकार करने प्रत्येक हिन्दू उपासना का बल बढाए ! - हिन्दू जनजागृति समिति

प्रखर वाराणसी। लगभग 500 वर्षों से साधु-संतों, संप्रदायों, हिन्दुत्ववादी संगठनों एवं हिन्दुओं द्वारा किए जा रहे संघर्ष के बाद अयोध्या के भव्य श्रीराम मंदिर में रामलला विराजमान हुए। अब रामराज्य के लक्ष्य को साकार करने के लिए इसी प्रकार हिन्दू समाज में एकता की आवश्यकता है। रामराज्य अर्थात सात्विक, धर्माचरणी, अध्यात्मपरायण लोगों का राज्य! रामराज्य में प्रजा धर्माचरण करती थी; इसलिए उन्हें श्रीराम जैसे धर्मपालक राजा मिले । यदि रामराज्य चाहिए तो प्रत्येक हिन्दू को धर्माचरण तथा साधना करनी होगी । इसी उद्देश्य से श्रीरामनवमी के शुभ अवसर पर हिन्दू जनजागृति समिति की ओर से भव्य हिन्दू एकता शोभायात्रा का आयोजन किया गया । इस शोभायात्रा में अनेक हिन्दू संगठनों के पदाधिकारी, अधिवक्ता, व्यापार मंडल के प्रतिनिधि तथा अनेक श्रीराम भक्त सम्मिलित हुए। शोभायात्रा का आरंभ धर्मध्वज

पूजन कर शंखनाद से हुआ । यात्रा में सहभागी सभी निरंतर श्रीराम जय राम जय जय राम का नामजप कर रहे थे । यात्रा के समय एक ही नारा एक ही नाम, जय श्रीराम जय श्रीराम, पवनसुत हनुमान की जय ऐसी घोषणाओं से वातावरण गूंज उठा। समाज के अनेक श्रद्धालु उत्स्फूर्तता से यात्रा में सहभागी होकर श्रीरामजी की प्रतिमा पर पुष्पवृष्टि कर रहे थे । काशी विश्वनाथ मंदिर के गेट क्रमांक 4 पर श्रीराम रचित शिव स्तुति से वातावरण भक्तिमय हो गया । यह शोभायात्रा मैदागिन चौराहे से आरंभ होकर नीचीबाग चौक, बासफाटक, दशाश्वमेध चौराहे से होते हुए चितरंजन पार्क में जाकर संपन्न हुई ।

यात्रा के समापन में हिन्दू जनजागृति समिति के उत्तर प्रदेश तथा बिहार के समन्वयक श्री. विश्वनाथ कुलकर्णी ने बताया कि अयोध्या में श्रीरामलला की स्थापना श्रीराम राज्य के अवतरण का संकेत है। आज श्रीरामनवमी के शुभ अवसर पर हम सभी संगठित होकर रामराज्य के लक्ष्य को साकार करने के लिए संकल्प लेंगे । अंत में उन्होने आवाहन किया की सभी रामभक्त प्रतिदिन श्रीराम जय राम जय जय राम का नामजप करें एवं राष्ट्र तथा धर्मकार्य हेतु 1 घंटा समय दे ।

अचानक पेड़ गिरने से दो बाइक सवार घायल एक की हालत गंभीर

प्रखर थानागद्दी जौनपुर। केराकत कोतवाली क्षेत्र के थानागद्दी मोढैला मुख्य मार्ग पर शिवरामपुर खुर्द गेट के पास आज गुरुवार को अपराह्न ढाई बजे अचानक सड़क पर विशाल पेड़ धराशाई होने से चंदवक थाना क्षेत्र के ग्राम उमरवार निवासी बाइक सवार युवक और युवती दबकर बुरी तरह घायल हो गए। घटना से सटे देव ईट भट्ठा के मजदूरों ने अचानक हुए इस हादसे में पेड़ के नीचे बाइक सहित फंसे युवक और युवती को बाहर निकाले।

वहा पहुंचे ग्रामीणों ने घायलों को उपचार के लिए रतनूपुर बाजार स्थित निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद लड़की को घर भेज दिया किंतु युवक की चिंताजनक हालत देख स्वजन बेहतर इलाज के लिए वाराणसी ले गए। गुरुवार को सत्यनारायण यादव 30 वर्ष पुत्र महेंद्र यादव अपनी चचेरी बहन ममता यादव 23 वर्ष पुत्री विश्राम यादव को बाइक द्वारा बेहड़ा स्थित यूनियन बैंक से पैसा निकालकर वापस अपने घर उमरवार आ रहा था। ज्यों ही बाइक सवार शिवरामपुर खुर्द गेट के पास पेड़ के नीचे से गुजर रहा था की अचानक धराशाई पेड़ की चपेट में आ गया।

वही स्थित देव ईट भट्ठा के मजदूरों ने चीख सुनकर मौके पर पहुंच गए।पेड़ के नीचे बाइक समेत दबे दोनो बाइक सवार को सकुशल बाहर निकालकर अस्पताल पहुचवाये। घायलों के परिवार वाले रतनूपुर अस्पताल पहुंच गए।प्राथमिक उपचार के बाद ममता को घर ले जाया गया जबकि युवक की हालत गंभीर देख स्वजन ट्रामा सेंटर बीएचयू ले गए। बता दे कि 23 अप्रैल 2024 को ममता यादव की शादी है। उसकी शादी के लिए घर में तैयारिया अंतिम दौर में चल रही है। इसी बीच इस दुखद घटना से परिवार में रोअन पीटन प्रारंभ हो गया है।

संक्षिप्त खबरें

श्रीराम नवमी पर निकली गई भव्य शोभायात्रा

प्रखर दानगंज वाराणसी । चोलापुर क्षैत्र में हिंदू युवा संगठन व विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में दानगंज बाजार मे श्रीराम नवमी के शुभ अवसर पर श्रीरामचंद्र की झांकी एवं भव्य शोभायात्रा बुधवार शाम निकाली गई। उक्त शोभायात्रा में हाथी घोड़े रथ व बजरंगबली की अद्भुत झांकी प्रदर्शित की गई। मौके पर पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं को लगातार प्रसाद व जलपान वितरण कराया गया। उक्त शोभा यात्रा दानगंज स्थित बुढऊ बाबा मंदिर से प्रारंभ होकर पूरे दानगंज बाजार क्षेत्र में झांकी निकालने के पश्चात उक्त स्थल पर ही सम्पन्न हुई। दानगंज चौकी इंचार्ज आदित्य सेन सिंह अपने टीम के साथ पूरे शोभायात्रा को फॉलो करते रहे। रोड पर किसी यात्रियों को कोई परेशानी ना हो इसलिए लगातार गाड़ियों को पास भी कराते रहे। मौके पर प्रमुख रूप से विश्व हिंदू परिषद जिलाध्यक्ष राजेश पाण्डेय, प्रचार प्रमुख सुनिल जी, धमार्चार्य संपर्क प्रमुख मनोज कुमार पाण्डेय (गुड्डू), चिराग पाण्डेय , गौरक्षा प्रमुख चोलापुर खण्ड गौरव बरनवाल, अंशु बरनवाल, अंकित बरनवाल, वैभव बरनवाल (मिक्की), विक्की गुप्ता, हिमांशु बरनवाल, आर्यन बरनवाल, शिवम बरनवाल, प्रदुम विश्वकर्मा, मोनू चौहान, शुभम बरनवाल, नवीन चौरसिया, सूरज विश्वकर्मा, आदर्श बरनवाल, प्रांशु बरनवाल, राहुल चौबे ,समर बरनवाल विकास गुप्ता, निखिल बरनवाल, देव गुप्ता ,गौरव जायसवाल, अंश बरनवाल, हर्ष बरनवाल समेत सैकड़ो लोग शामिल रहे।

रामनवमी के अवसर पर शीतला जी महारानी पुरोहित परिवार ट्रस्ट ने 151 कन्याओं को भोजन कराने के बाद दिया उपहार

प्रखर जौनपुर। मां शीतला चौकिया धाम के प्रांगण में रामनवमी के शुभ अवसर पर एवम नए शक संवत वर्ष के पुनः आगमन पर शीतला जी महारानी पुरोहित परिवार ट्रस्ट के प्रमुख विद्याधर त्रिपाठी एवं पत्नी मनोज त्रिपाठी द्वारा एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से 151 कन्याओं को भोजन कराया गया तथा भोजन के बाद शीतला जी महारानी पुरोहित परिवार ट्रस्ट के प्रमुख विद्याधर त्रिपाठी द्वारा बच्चियों को उपहार स्वरूप चुनरी, पैसा, थाली, फल आदि प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ कृतिका त्रिपाठी, श्वेता पांडे, प्रज्ञा शुक्ला, आदर्श त्रिपाठी, कल्याणी त्रिपाठी, कीर्ति शुक्ला, अवनीश त्रिपाठी तथा राजू पांडे, अशियम आदि का सहयोग रहा। इस मौके पर त्रिपाठी परिवार ने कार्यक्रम सकुशल संपन्न होने पर शीतला माता चौकियां धाम और प्रभु भगवान श्री राम का सहृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

राम रमापति बैंक मे बड़े धूमधाम से मनाई गई रामनवमी

प्रखर वाराणसी। राम रमापति बैंक मे हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी का त्यौहार बड़े धूमधाम से मनाया गया लाखों श्रद्धालुओं ने रामनवमी के अवसर पर मत्था टेका` राम रमापति बैंक के सेवक रामकुमार मेल्होत्रा ने बताया कि रामनवमी का त्योहार 97 वर्षों से यहां मनाया जा रहा है उन्होंने यह भी बताया कि प्रभु राम ही ऐसे हैं जो सृष्टि के पालनहार है राम राम लिखने से यहां पर सब भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं अब तक यहां 19 अरब 45 करोड़ राम-राम लिखकर लोगों ने अपनी मनोकामनाएं पूरी की है।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं